वर्ष 24, अंक 137, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 27 नवंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### अहमदाबाद में पूरा होगा 'राष्ट्रमंडल खेलों' का शतक

## भारत को मिली 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी



**अहमदाबाद**

**2030** के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भारत के अहमदाबाद को मिल गई है. ग्लासगो में आयोजित हुई 74 कॉमनवेल्थ सदस्यों की बैठक में भारत को मेजबानी दिए जाने की पुष्टि हुई. भारत की ओर से 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए एक आकर्षक दृष्टिकोण पेश किया गया, जिसके लिए अहमदाबाद का नाम सामने रखा गया था. इसी के साथ अहमदाबाद में 'राष्ट्रमंडल खेल' सेंचुरी लगाने जा रहे हैं.

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट द्वारा जारी आधिकारिक स्टेटमेंट में बताया गया कि जैसे ही अहमदाबाद को 2030 के खेलों की मेजबानी मिली, एसेंबली हॉल में 20 गरबा डांसर और 30 ढोल वाले आ गए और नाचने-गाने लगे. इस सांस्कृतिक प्रदर्शन ने वहां मौजूद अन्य देशों के प्रतिनिधियों को चौंका दिया.

भारत ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी. भारतीय एथलीटों ने उस संस्करण में 101 पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था. कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन पहली बार 1930 में हुआ था, जिसकी मेजबानी कनाडा ने की थी. अब भारत का अहमदाबाद 100वें कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है.

कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष, पीटी ऊषा ने इस ऐतिहासिक क्षण पर खुशी प्रकट करते हुए कहा, "कॉमनवेल्थ स्पोर्ट द्वारा दिखाए गए विश्वास से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं. 2030 के खेल ना केवल कॉमनवेल्थ आंदोलन के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली शताब्दी की नींव भी रखेंगे. ये एथलीटों, समुदायों और संस्कृतियों को मित्रता और प्रगति की भावना से एकसाथ लाएगा."

भारत ने पहली बार 1934 में कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लिया था. इन खेलों में भारतीय एथलीटों ने अब तक कुल 564 मेडल जीते हैं. इनमें 202 स्वर्ण, 190 रजत और 171 कांस्य पदक शामिल हैं. भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में आया था, जब उसने मेजबानी करते हुए कुल 101 पदक जीते थे. 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी इंग्लैंड के बर्मिंघम ने की थी, जिसमें भारत की झोली में 61 पदक आए थे. बता दें कि 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल फैसलों से भारत की सामरिक क्षमता में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज कई अहम फैसले लिए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण फैसला है 7,280 करोड़ रुपये की Rare Earth Permanent Magnets (REPM) Scheme को मंजूरी, जिसके तहत देश में पहली बार 6,000 MTPA क्षमता वाले एकीकृत रेयर अर्थ मैग्नेट उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र व गुजरात में दो रेलवे मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं (कुल 224 किमी) को स्वीकृति दी गयी है, जो माल व यात्री दोनों मोर्चों पर रणनीतिक कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगी। साथ ही, पुणे मेट्रो फेज-2 की लाइन 4 और 4अ (31.6 किमी, 9,857 करोड़ रुपये लागत) को हरी झंडी दी गयी है, जिससे तेजी से बढ़ते पुणे महानगर में टिकाऊ, हरित और बहु-



माध्यमीय शहरी परिवहन का नया ढांचा तैयार होगा। इन निर्णयों का साझा महत्व यह है कि ये भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता, लॉजिस्टिक क्षमता, ऊर्जा परिवर्तन और भविष्य की अर्थव्यवस्था के बुनियादी अवसंरचना, चारों को समान रूप से मजबूत करते हैं।

देखा जाये तो केंद्रीय मंत्रिमंडल के आज के फैसले सिर्फ सामान्य प्रशासनिक स्वीकृतियाँ नहीं हैं, ये भारत की 21वीं सदी की रणनीतिक दिशा को परिभाषित करने वाले मील के पत्थर हैं। रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माण, रेलवे नेटवर्क विस्तार और पुणे मेट्रो का विस्तार, ये तीनों निर्णय अपनी-अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, पर इनका संयुक्त संदेश है कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक उत्पादन, प्रौद्योगिकी और लॉजिस्टिक्स का एक उदित होता महाशक्ति बनने की राह पर है।

रेयर अर्थ मैग्नेट मुद्दे पर सरकार का निर्णय तकनीकी संप्रभुता की ओर निर्णायक कदम है। दुनिया की बैटरियों, इलेक्ट्रिक मोटर्स, मिसाइल गाइडेंस सिस्टम, रडार, विंड टर्बाइनों आदि लगभग हर उभरती तकनीक के बीच में फंशी एं१ इँ ढी१ेल्लीत्ल३ टॅल्ली३२ धड़कते दिल की तरह काम करते हैं। दशकों से भारत इस क्षेत्र में लगभग पूर्ण आयात-निर्भरता की शर्मनाक स्थिति में रहा है, जबकि चीन इस बाजार का 90% से अधिक हिस्सा नियंत्रित करता है। ऐसे में 7,280 करोड़ रुपये की फ्एढट योजना का संदेश स्पष्ट है कि भारत अब तकनीकी सप्लाई-चेन का मोहरा नहीं, खिलाड़ी बनना चाहता है।

इस योजना की सबसे बड़ी ताकत उसकी वैल्यू-चेन अप्रोच है।




## 2 करोड़ से ज्यादा मृत व्यक्तियों के आधार हुए डीएक्टिवेट

**नई दिल्ली**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने मृत व्यक्तियों से संबंधित दो करोड़ से ज्यादा आधार नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है, जो राष्ट्रीय पहचान डेटाबेस की सबसे बड़ी सफाई प्रक्रियाओं में से एक है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य आधार रिकॉर्ड को सटीक रखना और पहचान के दुरुपयोग को रोकना है। यूआईडीएआई ने कहा कि उसे भारत के महापंजीयक, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम से मृत व्यक्तियों के बारे में जानकारी मिली है। प्राधिकरण भविष्य में सत्यापित मृत्यु डेटा साझा करने के लिए बैंकों और अन्य संस्थानों के साथ मिलकर काम करने की भी योजना बना रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आधार नंबर कभी किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं दिया जाता है, इसलिए धोखाधड़ी या कल्याणकारी लाभों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए मृत्यु के बाद आधार नंबर को निष्क्रिय करना जरूरी है।

### बिहार जीत के बाद भाजपा में मंथन

## जनवरी 2026 तक मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष!



**बिहार**

**बिहार** में भाजपा की प्रचंड जीत और सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद, सभी राज्यों में पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल के गठन की तैयारी शुरू हो गई है। 29 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं और केवल उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में ही चुनाव प्रक्रिया जारी है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई है। जनवरी 2026 तक नए पार्टी प्रमुख का चयन होने की उम्मीद है।

पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिया कि 14 जनवरी के बाद, जब हिंदू पंचांग में अशुभ माने जाने वाले खरमास का समापन होगा और शुभ चरण शुरू होगा, प्रक्रिया में तेजी आएगी। भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि सभी तैयारियाँ और प्रक्रियाएँ राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ रही हैं, और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी 2026 तक होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चुनावों के लिए निर्वाचक मंडलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 29 राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में औपचारिकताएँ अभी भी जारी हैं। इस बीच, भगवा हलकों में मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जो वर्तमान में सेवा विस्तार पर हैं, के उत्तराधिकारी के रूप में तीन नाम चर्चा में हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

## दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधरी, GRAP-III प्रतिबंधों से मिली राहत

**● प्रदूषण नियंत्रण के लिए एहतियाती उपाय जारी रहेंगे। 50% वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड स्कूल मोड जैसी पाबंदियां हटाई गई हैं, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर सतर्कता आवश्यक है**

**नई दिल्ली**

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बुधवार को वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण 3 प्रतिबंध हटा दिए। सीएक्यूएम की जीआरएपी उप-समिति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जीआरएपी पर सीएक्यूएम उप-समिति पूरे एनसीआर में जीआरएपी की मौजूदा अनुसूची के चरण-3 को तत्काल प्रभाव से रद्द करती है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी पर एक अपडेट साझा किया, जिसमें बताया गया कि राजधानी में ऋफ्अढ-3 प्रतिबंध हटा दिए गए हैं और अब ऋफ्अढ-2 लागू है।

संशोधित उपायों के तहत, कार्यालयों में 50% वर्क फ्रॉम होम की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है और स्कूलों में हाइब्रिड मोड को समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की एक परत छाई रही और औसत



वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 7 बजे 337 रहा, जो दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी)-क्क्क लागू होने के बावजूद 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 358 दर्ज किया गया, जबकि गाजीपुर इलाके के पास एक्यूआई 363 रहा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आसपास एक्यूआई 348 रहा। साउथ एक्सटेंशन के पास के दृश्यों में इलाके में जहरीली धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी। सुबह 7 बजे इलाके के आसपास एक्यूआई 348 दर्ज किया गया। बवाना में सुबह 7 बजे एक्यूआई का स्तर 377 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। इस बीच, इथियोपिया के हेली गुब्बी ज्वालामुखी से उठे राख के बादल भारत पहुंच रहे हैं, पर्यावरणविद् विमलेंदु झा ने कहा कि राख के बादल दिल्ली के अदक पर "तुरंत प्रभाव" नहीं डालेंगे।

## भारत 3-4 सालों में दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों में आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत तीन-चार वर्षों में दुर्लभ मृदा चुम्बकों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। उन्होंने यह घोषणा केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद की। हम तीन-चार वर्षों के भीतर आत्मनिर्भर हो जाएँगे, यह देखते हुए कि हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। मंत्री ने मीडिया द्वारा पूछे गए इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि भारत रेयर अर्थ चुम्बकों के क्षेत्र में कब




आत्मनिर्भर होगा। आरईपीएम स्थायी चुम्बकों के सबसे मजबूत प्रकारों में से एक हैं और इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह योजना एकीकृत आरईपीएम निर्माण सुविधाओं के निर्माण में सहायता करेगी, जिसमें रेयर अर्थ ऑक्साइड को धातुओं में, धातुओं को मिश्र धातुओं में और मिश्र धातुओं को तैयार आरईपीएम में परिवर्तित करना शामिल है।

इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा, औद्योगिक अनुप्रयोगों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स की तेजी से बढ़ती माँग के मद्देनजर, भारत में आरईपीएम की खपत 2025 से 2030 तक दोगुनी होने की उम्मीद है। वर्तमान में, भारत की आरईपीएम की माँग मुख्य रूप से आयात के माध्यम से पूरी होती है। इस पहल के साथ, भारत अपनी पहली एकीकृत आरईपीएम विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित करेगा, जिससे रोजगार सृजन होगा, आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने की देश की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। इस योजना का कुल वित्तीय परिव्यय 7280 करोड़ रुपये है, जिसमें पाँच (5) वर्षों के लिए आरईपीएम की बिक्री पर 6450 करोड़ रुपये का बिक्री-संबंधी प्रोत्साहन और कुल 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष आरईपीएम विनिर्माण संयंत्रों की स्थापना के लिए 750 करोड़ रुपये की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है। इस योजना में वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से पाँच लाभार्थियों को कुल क्षमता आवंटित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती, चार अन्य के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को चैतन्यानंद सरस्वती और चार अन्य आरोपियों के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया। सरस्वती को एक संस्थान की छात्राओं की शिकायत पर दर्ज छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सरस्वती को 27 सितंबर को आगरा में गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) अनिमेष कुमार ने मामले की



सुनवाई कल के लिए सूचीबद्ध की है। अदालत ने सरकारी वकील को भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहने को कहा है।

सरस्वती को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने चार अन्य आरोपियों के खिलाफ बिना गिरफ्तारी के आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। सरस्वती को वसंत कुंज उत्तर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला एक ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थान में पढ़ने वाली छात्राओं की शिकायत पर दर्ज किया गया है। 19 नवंबर को, जेल अधिकारियों ने चैतन्यानंद सरस्वती के उन आरोपों का खंडन किया कि उनकी जान को कोई खतरा है।

## उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड, देहरादून समेत कई जिलों में कोहरे का अलर्ट

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में तापमान लगातार नीचे जा रहा है और कड़ाके की ठंड का असर अब पहाड़ से लेकर मैदान तक महसूस किया जा रहा है. पिछले कुछ समय से प्रदेश भर में मौसम शुष्क बना हुआ है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में ज्यादातर स्थानों पर पाला गिरने की स्थिति बन गई है.

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह के शुष्क मौसम के बने रहने की संभावना जताई है. इस बीच कई जिलों में सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ने की चेतावनी दी गई है. ऐसे में लोगों को आने-जाने में परेशानी हो सकती है और विजिबिलिटी भी कम हो सकती है.

उत्तराखंड में कड़ाके की सर्दी का कहर

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में दिन में धूप खिलने के बावजूद रात और सुबह के समय ठिठुरन काफी बढ़ गई है.

पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाओं ने कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जा रहा है. वहीं मैदानी क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं, जिससे सुबह के समय यातायात प्रभावित हो सकता है।

## RJD की दो टूक, 'आवास खाली नहीं करेंगी राबड़ी देवी

**बिहार**

**राष्ट्रीय** जनता दल (फ्खऊ) ने बुधवार (26 नवंबर) को कहा कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अपना आवास खाली नहीं करेंगी, जहां वह पिछले दो दशक से रह रही हैं. आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने यह टिप्पणी की. इससे एक दिन पहले राज्य के भवन निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर राबड़ी देवी को 39, हार्डिंग रोड पर स्थित आवास में शिफ्ट होने को कहा था, जिसे विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के सरकारी आवास के रूप में 'चिह्नित' किया गया है.

मीडिया से बातचीत में मंगनी लाल मंडल ने कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक आवास 1, अणे मार्ग के ठीक सामने स्थित 10, सर्कुलर रोड का बंगला ह्लकिसी भी सूरत में खाली नहीं किया जाएगा.ह्व उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ह्लयह फैसला हमारे नेता लालू प्रसाद के प्रति सत्तारूढ़ एनडीए की दुर्भावना को दर्शाता है.

आखिर दो दशक बाद क्यों लिया गया फैसला-मंगनी लाल मंडल

उन्होंने आगे कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आखिर दो दशक बाद विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष के लिए सरकारी आवास चिह्नित करने का फैसला क्यों लिया? और यदि यह जरूरी था, तो सरकार ने 10, सर्कुलर रोड को ही क्यों नहीं चिह्नित किया? उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए था कि इस आवास के निवासी लालू प्रसाद और राबड़ी देवी दोनों मुख्यमंत्री रह चुके हैं.

हम राबड़ी देवी को आवास से वंचित नहीं कर रहे-संतोष सुमन

राज्य के मंत्री संतोष कुमार सुमन के



अनुसार राबड़ी देवी को यह बंगला उस प्रावधान के तहत आवंटित किया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्रियों को ह्लआजीवनह्व सरकारी आवास का अधिकार दिया गया था. सुमन ने कहा, ह्लकुछ वर्ष पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले के बाद उस प्रावधान को समाप्त करना पड़ा. किसी भी स्थिति में, हम राबड़ी देवी को आवास से वंचित नहीं कर रहे हैं. इसके अलावा, सरकार के पास यह अधिकार है कि कौन-सा सरकारी आवास किसे आवंटित किया जाए.

'नीतीश कुमार ने इखढ को खुश करने के लिए ये निर्णय लिया'

मंडल ने आरोप लगाया, ह्लनीतीश कुमार ने यह निर्णय भाजपा को खुश करने के लिए लिया है. जनता दल यूनाइटेड (खऊ४) प्रमुख अपने गठबंधन सहयोगी की आक्रामकता से हिल गए हैं, जिसके चलते उन्हें अपना प्रिय गृह विभाग छोड़ना पड़ा. इसलिए इखढ की लालू जी के प्रति दुर्भावना को ध्यान में रखते हुए नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके साथियों को खुश करने के लिए हमारे नेता का ह्यअपमानह्ण किया है.

उन्होंने कहा, ह्लसत्तारूढ़ राजग यह याद रखे कि हम भले विपक्ष में हैं, लेकिन हालिया विधानसभा चुनाव में हमें उसके किसी भी घटक दल से अधिक वोट मिले।

# नैनी स्टेशन रोड पर सड़क हादसा : एक की मौत 3 घायल

## चीनी मिल के पास विक्रम और ऑटो में टक्कर

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड चीनी मिल के समीप दर्दनाक हादसा हो गया हादसे में सवारियों से भरी विक्रम और अप्पे की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें अप्पे सवार चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के दौरान मौके पर रहे भीड़ ने नैनी पुलिस को सूचना दी। इससे पहले पीआरबी ने पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने विक्रम और अप्पे को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई। हालांकि मौके से दोनों के चालक फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के परिजनों को सूचना कर दी है। लोगों के अनुसार बुधवार को रेलवे स्टेशन से एक विक्रम सवारी लेकर नैनी से लेप्रसी जाने वाली रोड मलहरा फाटक से शहर की ओर जा रहा था। वहीं एक अप्पे सवारी लेकर प्रयागराज से नैनी की ओर उसी रास्ते से आ रही थी। बताया जा रहा है दोनों तेज रफ्तार में थे। जैसे हो दोनों चीनी मिल के पास पहुंचे दोनों आमने सामने टकरा गए। घटना के दौरान मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल नैनी पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए लेकर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंची और भर्ती करा दिया। जहां घायलों में इलाज के दौरान जयप्रकाश गुप्ता पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी बहरिया सोनावा थाना चांदा जिला सुल्तानपुर की मौत हो गई। वहीं घायलों में राम लखन पुत्र राम रतन उम्र 45 वर्ष निवासी छतरपुर थाना अंतू जिला प्रतापगढ़, शिवम मिश्रा पुत्र ब्रह्मदेव मिश्रा निवासी बेथम थाना बाघराय जिला प्रतापगढ़ उम्र 26 वर्ष, विकास मौर्य पुत्र केशव लाल मौर्या उम्र 24 वर्ष निवासी सकरा मऊ का इलाज अभी चल रहा है।

## मांडा में दो बाइक दुर्घटनाएं, चार लोग गंभीर

**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र में मंगलवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दुर्घटनाएं दिघिया चौकी के अंतर्गत प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग पर बभनी हेठार और टिकरी गाँव के सामने हुईं।

पहली घटना में बरहाकलां गाँव के निवासी अजय कुमार और सुशील कुमार मांडा रोड से अपने घर लौट रहे थे। बभनी हेठार के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए। दूसरी घटना भी मंगलवार रात को ही टिकरी गाँव के सामने हुई। इसमें जेरा गाँव के करन कुमार और बभनी हेठार के चंदन कुमार अपनी बाइक का संतुलन खोने के बाद गिर पड़े और घायल हो गए। सभी घायलों को पहले अंजनी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद दिघिया चौकी पुलिस ने चारों को बेहतर इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज भेजा। बताया जा रहा है कि इनमें से दो घायलों की हालत अधिक गंभीर है।

## धान क्रय केंद्र दूर खोले जाने से किसान परेशान

**मांडा।** क्षेत्र के किसानों को उचित मूल्य दिलाने के प्रयासों के बीच सरकारी मशीनरी की लापरवाही फिर सामने आई है। हाटा के लिए स्वीकृत धान क्रय केंद्र को खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारियों ने लगभग 12 किलोमीटर दूर मांडा खास में खोल दिया, जिसके कारण किसान अपनी उपज व्यापारियों को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हैं। किसानों ने इस समस्या को लेकर जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) से मुलाकात की और क्रय केंद्र हाटा में ही खोलने की मांग की। किसानों का कहना है कि हाटा और उसके आसपास के करीब दो दर्जन गांवों के हजारों किसान वर्षों से यहीं अपनी उपज बेचते आए हैं, लेकिन केंद्र बंद होने से लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा ने बताया कि किसानों की समस्या जायज है और डिप्टी आरएमओ को हाटा में ही क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं। तकनीकी दिक्कत होने पर उसका निस्तारण करने को भी कहा गया है। किसानों ने बताया कि प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश पर डीएम ने दो महीने पहले हाटा में क्रय केंद्र स्वीकृत किया था, बावजूद इसके विभाग ने इसे मांडा खास में खोल दिया। अफसरों के चक्कर लगाने के बाद भी समस्या दूर न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संविधान दिवस पर गोष्ठी हुई आयोजित

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में सहसों के देवनहरी गांव में एक गोष्ठी संविधान दिवस पर आयोजित की गई। इस अवसर पर संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर मनाई गई। जिला अध्यक्ष गंगापार ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। यह भारत को एक सम्प्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक, गणराज्य के रूप में स्थापित करता है। भारतीय संविधान एक संघीय संरचना है।इसमें सरकार का संसदीय, स्वरूप का मौलिक अधिकार राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत मौलिक कर्तव्य निहित होते हैं। आज संवैधानिक संकट का दौर है। हमको आपको इसकी रक्षा करनी चाहिए। प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संविधान कठोरता और लचीलेपन का मिश्रण है। यह धार्मिक और उदारता की स्थापना करता है। भारत विविधतापूर्ण देश है जहां विभिन्न धर्म संस्कृतियों और परंपराओं के लोग आपस में मिलकर रहते हैं। मुख्य वक्ता निशा सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सभी धर्म जाति संप्रदायों के लोगों को एक साथ आपस में मिलकर रहने की आजादी और स्वतंत्रता देता है। इस अवसर पर वार रूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, महासचिव सुनील पाण्डेय, सलीम टाइगर, डा.अमर सिंह पटेल, मो.फारूक, मो. इब्राहिम, मजहर आलम, श्याम जी धुरिया, संजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत, शादी वाले घर में पसरा मातम

**करछना।** थाना क्षेत्र की नहर कोठी के पास चलती बाइक में महिला का पैर टकराने से गिरकर कर हुई मौत। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली थाना क्षेत्र के चकदाउद नगर निवासी रेखा शुक्ला पत्नी राजेंद्र शुक्ला रायपुर छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। वहीं पर पति राजेंद्र शुक्ला एक प्राइवेट कंपनी में गाड़ी चलाने का काम करते हैं। बुधवार सुबह क्षेत्र के कुलमई गांव में रिश्तेदारी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह रायपुर छत्तीसगढ़ से आ रही थी। छिवकी रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद उन्हें रिसीव करने जीजा अंकित पांडे गए हुए थे। जहां से महिला को रिसीव करने के बाद बाइक पर दो बैग व अन्य सामान के साथ पीछे बैठकर आ रहे थे। उसी दरमियान क्षेत्र के नहर कोठी के पास मार्ग से गुजर रहा दूसरा बाइक में महिला का पैर टकरा गया। इसके बाद वह चलती बाइक से नीचे गिर गई और सिर में गंभीर चोटे आ गई। सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना लाया गया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर स्वजनों के साथ शादी वाले घरवालों को हुई तो मातम पसर गया।

# प्रयागराज जंक्शन का डीआईजी रेलवे ने किया दौरा, माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जंक्शन पहुंचे जीआरपी के डीआईजी प्रकाश डी डीआईजी रेलवे ने कहा कि देश भर से संगम स्नान करने आने वाले यात्रियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए जीआरपी ने तैयारी कर ली है। पिछले महाकुंभ के अनुभवों के साथ तैयारी जा रही है। जरूरत बड़ी तो बाहर से भी फोर्स मंगाई जाएगी। जो बाहर से फोर्स आएगी उसको इस बात का प्रशिक्षण दिया जाएगा कि श्रद्धालुओं के साथ कैसे बातचीत करना है। इसके बाद ही उनकी तैनाती जरूरत के अनुसार की जाएगी। कहा कि जंक्शन के बाहर होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। जिस रूट की गाड़ी स्टेशन पर आएगी उससे संबंधित यात्रियों को जंक्शन के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। माघ मेले के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रयागराज जंक्शन पहुंचे जीआरपी के डीआईजी प्रकाश डी ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकाश समस्या का सामना रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में नहीं करना पड़ेगा। माघ मेले में पूरे देश से श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए आते हैं। उनकी यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए रेलवे ने पूरी तैयारी की है। प्रयागराज में जो भी स्टेशन हैं वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। अंत में उन्होंने श्रद्धाल्ओं से अपील की कि वे पुलिस और आरपीएफ द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा यह सभी व्यवस्थाएं आपकी सुरक्षा और सुविधा के लिए हैं, कृपया सहयोग करें। माघ मेला सभी के लिए श्रद्धा और विश्वास का पर्व है, हम इसे सुरक्षित और सफल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# धूमधाम से मनाया गया 30वाँ जन्म दिवस



जन्म दिन पर अतिथियों की सामूहिक फोटो



जन्म दिन पर हांडी दाल और बाटी चोखा का स्वाद लेते हुए

## बाटी चोखा संग हांडी दाल ने बढ़ाया जायका का स्वाद

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले ललित कुमार भास्कर निवासी उल्दा ने अपने 30वाँ जन्म दिन पर आमंत्रित अतिथियों को गजब का हांडी दाल संग बाटी चोखा का स्वाद दिए। जन्म दिवस पर दर्जनों की संख्या में विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी संग डॉक्टर तथा समाज सेवी रहे। कार्यक्रम टिकरी स्थित अपने बड़े भाई अरुण कुमार सरोज (लेखपाल) के निवास पर किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने ललित भास्कर को दीघार्यु की कामन किए। मौके पर राजकुमार उर्फ बच्चा पासी (समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेट), अधिवक्ता सुषमा पासी हाईकोर्ट (पूर्व ब्लाक प्रमुख फूलपुर), अधिवक्ता राजेश कुमार सरोज, न्यू लाइफ हॉस्पिटल मलाक बलऊ के डॉक्टर एसके चंद्रा आई सर्जन, डॉ सुभाष सरोज (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉक्टर कल्पना चंद्रा (महिला रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर शालिनी सरोज (महिला रोग विशेषज्ञ), देवबोष (प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी), दिनेश कुमार (एक्स सीएन) बिजली विभाग, अर्जुन कुमार जेई (पी डब्लू डी विभाग), संगीता देवी, पावन पासी, विनीत कुमार, हुबलाल, रमेश कुमार, आशीष कुमार, चुलबुल पासी, अंजली देवी सरोज, जसवंत सिंह, समृद्धि सिंह, आर्या कुमार, आदर्श पासी, पुंडरीक पासी, अवि, आरव तथा हनु आदि कई लोग मौजूद रहे।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, पहाड़ का सीना फाड़कर बना दिया तालाब, जिम्मेदार मौन

**सैकड़ो फुट गहरी खोदकर खनन माफिया बना दिया खदान, पूर्व में महिला की डूबने से हो चुकी है मौत, आजतक नही पाटी गयी खदान**

अखंड भारत संदेश



**बारा।** बारा क्षेत्र के परवेजाबाद पहाड़ की जमीन पर खनन माफिया सभी सरकारी नियम को ताक पर रखकर इस तरह पहाड़ पर खनन किया है कि सैकड़ों फुट गहरा गड्ढा पूर्व में करके रख दिया है।

सबसे बड़ी खदान कलरहा खदान है जिसकी गहराई लगभग 100 फुट है इसमें हमेसा पानी का भराव बना रहता है। सूत्रों की माने तो पुलिस के सघन वाहन चेकिंग के समय दर्जनों मोटरसाइकिल इस खदान में फेंकी गई थी धीरे धीरे एक एक कर-के निकाल लिया। कुछ भी इलाके की चोरी होती है तो चोरों के लिए ए बहुत सुरक्षित खदान है।

इसी तरह पहाड़ पर लगभग 50 फुट गहरी खदान पहाड़ की जमीन पर खनन करके नदी बना दिया जिससे उस जमीन का एग्रीमेंट कराकर कई वर्षों से शिल्का वाशिंग प्लान्ट लगा दिया।इस खदान में महिला मुसिहारिन की डूब कर मौत भी हो चुकी है। खुदाई करने के बाद आज तक नही पाटी गयी खदान।सभी नियम को ताक पर रखकर बेधड़क पहाड़ का सीना फाड़कर बना दिया मौत का तालाब।उसी खदान में मोटर डालकर करने लगे सिल्का सैंड की धुलाई।

## प्रयाग इंस्टीट्यूट के 06 छात्रों का आईटी कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ



**करछना।** प्रयागराज संस्थान प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट बेंदौ करछना प्रयागराज में बी टेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्रों के कैम्पस प्लेसमेंट के लिए प्रोडेस्क आईटी , नोएडा की कम्पनी आयी। कंपनी ने लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार के आधार पर अन्तिम रूप से संस्थान के 06 छात्रों को 3.2 लाख सालाना पैकेज हेतु चयनित किया। यह जानकारी प्लेसमेंट अधिकारी प्रमोद मिश्रा ने दी। संस्थान के सचिव विकास सिंह, प्राचार्य डा पवन कुमार सिंह एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डा मुकेश मिश्रा ने चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# अजिंक आइसक्रीम अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब गोपाल दास के नाम

- देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर मऊआइमा बनाम गोपाल दास के बीच क्रिकेट मैच का हुआ महामुकाबला : गोपाल दास चैंपियन
- अच्छी गाइड लाइन ही एक अच्छे सफलता की ओर बढ़ाती है : कोच राम चंद्र प्रजापति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शिक्षा के साथ - साथ खेल जगत में बच्चे बढ़ रहे आगे और खेल में प्रतिभाग कर राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय में अपनी जगह बना रहे और सफलता हासिल कर रहे। जनपद प्रयागराज के गंगानगर शांतिपुरम गोहारी स्थित देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब द्वारा मैच बच्चों को एक अच्छे क्रिकेटर बनाने के प्रयास को लेकर कोच रामचंद्र प्रजापति के कुशल प्रयास के चलते प्रतिदिन उन्हें क्रिकेट खेल में ट्रेंड करने का प्रयास किया जा रहा जो आज सफल साबित हो रहा। आज वर्तमान में क्षेत्रीय व दूर - दराज से भी बच्चे इस खेल ग्राउंड पर उन्हें प्रैक्टिस करने और अच्छे क्रिकेटर का रूप देने के लिए रामचंद्र प्रजापति का सराहनीय प्रयास रहता है। मंगलवार को देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब खेल ग्राउंड पर अजिंक आइसक्रीम द्वारा अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेन्ट खेल का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें फाइनल में पहुंची मऊआईमा क्रिकेट क्लब एवं गोपाल दास के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। गोपाल दास क्रेडिट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाने में कामयाब रही जिसमें मोहम्मद बसर ने 46 रन, मोहम्मद हम्माद 16 रन, अमन खान 24 रन, यथार्थ 46 रन बनाने में कामयाब रहे गेंदबाजी में आदित्य विश्वकर्मा तीन विकेट, अनुराग 2 विकेट, बद्री एक विकेट, मोहम्मद रेहान एक विकेट जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मऊाइमा क्रिकेट क्लब की टीम मात्र 94 पर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक रन शिवा सिंह 36 रन का योगदान रहा वहीं गेंदबाजी में अमन खान ने 5 विकेट, ऋषभ सिंह दो विकेट लेने में कामयाब रहे इस प्रकार गोपाल दास क्रिकेट टीम ने मऊआइमा क्रिकेट क्लब को 92 से हराकर खिताब अपने नाम किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमन खान को दिया इसी दौरान अजिंक आइसक्रीम अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि माननीय रमाकांत मिश्र ओनर देव दुर्गा पेट्रोल पंप, संजय पांडेय फौजी, राममूर्ति प्रजापति प्रधान गद्दोपुर, ताराचंद पाल, विनोद यादव, राजेश कुमार यादव, सौरभ मिश्रा, अभिजीत यादव, अजिंक दुबे, आयुष कुशवाहा, सूरज प्रजापति, अमित विश्वकर्मा टूनार्मेंट आयोजक अजय दुबे ऑनर अजिंक आइसक्रीम फैक्ट्री शांतिपूरम टूनार्मेंट संचालन रामचंद्र प्रजापति कोच देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब अंपायर और बादल कुमार अनिल पटेल स्कोरर अनुभव यादव दोनों टीम के कोच मोहम्मद आसिफ अजय यादव आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।



# मतदाता जल्द से जल्द अपना फार्म भरकर बीएलओ को करायें उपलब्ध : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत फार्मों के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाये जाने के दृष्टिगत एम0एल0ए0 कॉन्वेंट स्कूल व अन्य बूथों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा बुधवार को मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत फार्मों के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाये जाने के दृष्टिगत एम0एल0ए० कॉन्वेंट स्कूल में बनाये गये बूथों-34, 35, 36, 37 एवं अन्य बूथों सहित रसूलाबाद घाट क्षेत्र में सम्बंधित बीएलओं के द्वारा किए जा रहे एसआईआर फार्मों के वितरण एवं कलेक्शन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने जिन बूथों पर फार्मों के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के कार्य की प्रगति ठीक नहीं है तथा इस कार्य में बीएलओ के द्वारा लापरवाही या कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है उन बूथों का निरीक्षण करते हुए ऐसे बूथों पर एसआईआर की धीमी प्रगति होने के कारणों की जानकारी ली और संबंधित बीएलओ एवं अन्य अधिकारियों को फॉर्म कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तेलियरगंज क्षेत्र एवं अन्य धीमी प्रगति वाले बूथों पर पहुंचकर वहां पर उन्होंने मतदाताओं के फॉर्मो का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन के कार्यों का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के लोगो को अपने-अपने फार्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा और बीएलओ के सहयोग के लिए लगाये गये अन्य कर्मचारी को भी कार्य में प्रगति लाये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाएं। किसी के भी स्तर से लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है, इसको निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना है।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी मतदाताओं से जल्द से जल्द अपना फार्म बीएलओं को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध भी किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोगो से कहा कि सभी मतदाता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए बीएलओ को शीघ्रता से फार्म भर कर उपलब्ध करा दें, जिससे कि समय से फार्म की फीडिंग करायी जा सके। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के द्वारा सम्बंधित बीएलओ के बार-बार विजिट के बावजूद भी अभी तक फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध नहीं कराया है अथवा फार्म भरने के कार्य में अपेक्षित सहयोग भी नहीं किया जा रहा है ऐसे मतदाताओं का नाम 9 तारीख को प्रकाशित होने वालीआलेख सूची में नहीं आ पाएगा इसलिये सभी लोग जल्द से जल्द फॉर्म भरकर उपलब्ध करा दें । जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में फार्मों का डिजिटाइजेशन करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बीएलओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से वहाँ पर कितने मतदाता हैं उनके सापेक्ष कितने फॉर्म वितरित एवं संग्रहित किए गए और कितने फॉर्म डिजिटाइज हुए की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी अधिकारियों को मिल कर कार्य की गति को बढ़ाते हुए शीघ्रता से फार्मों का डिजिटाइजेशन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएलओ को घर-घर संपर्क अभियान बढ़ाये जाने एवं मतदाताओं से फॉर्म भरवाकर उन्हें संग्रहित करने और उनकों डिजिटाइज किए जाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बूथ पर उपस्थित लोगो से बात कर उनकी समस्याओ को भी जाना तथा उन्हें फॉर्म भरने की प्रक्रिया एवं आवश्यक निर्देशों की भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा, अपर उप जिलाधिकारी गणेश कनौजिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भयमुक्त और पुरुषार्थ जीवन का आधार है भारतीय संविधान : आशीष कुमार सैनी

(संविधान दिवस)



लेखकः आशीष कुमार सैनी
पुराछात्र-(इलाहाबाद विश्वविद्यालय)

**प्रयागराज।** 2 वर्ष,11 माह,18 दिन के अनवरत प्रयास के परिणामस्वरूप 26 नवंबर सन् 1949 को संविधान सभा ने जिस लिखित संविधान को अपनाया, वस्तुतः वह एक जीवित और अद्भुत दस्तावेज है। भारतीय संविधान महज अनुच्छेद, मौलिक कर्तव्य व अधिकार, संगठनों के बुनियादी संरचना, कार्य और शक्ति का संग्रह मात्र ही नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के लिए संजीवनी व पथ-प्रदर्शक है।

विविधता में एकता वाले एकमात्र राष्ट्र के इस लिखित दस्तावेज का जटिलता के साथ लचीलापन होना ही सबसे बड़ी व अनोखी खूबसूरती है। आजादी के कई दशकों के बाद, आज भी विश्व के कई राष्ट्रों के संविधानों में सबसे जटिल,विशाल और लिखित संविधान अपने भारतवर्ष का है। संविधान निमार्ताओं की दूरगामी सोच और अद्वितीय लेखन शैली, आने वाली पीढ़ियों के लिए सदा ही प्रेरणाश्रोत रहेंगी।

संविधान के अंगीकरण दिवस को जनप्रिय और अविस्मरणीय बनाने हेतु सर्वप्रथम 26 नवंबर, सन 2015 को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को संविधान के महत्व के बारे में जागरुक करना और मूल्यों को बढ़ावा देना है।आज संविधान दिवस के एक दशक परिपूर्ण होने पर,हम सभी भारतीयों को एक न्यायप्रिय,संविधानवादी और राष्ट्रवादी नागरिक बनने का संकल लेना चाहिए।संवैधानिक मार्ग ही सम्पूर्ण भारत के विकास और सफलता की कुंजी है।

**जय हिंद, जय भारत, जय संविधान।**

## औद्योगिक क्षेत्र में सड़क हादसा बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रामपुर फ्लाईओवर के पास हुई जब एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से बाइक को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित फरार हो गया। बता दें कि रामपुर निवासी मो. गुलजार अपने साथी गोरे के साथ बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे रामपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मो. गुलजार बाइक से गिरकर वाहन के नीचे आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं गोरे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर औद्योगिक थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया और घायल युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, बैनामे के बाद पूरे पैसे नहीं मिलने पर निरस्त नहीं कर सकते बिक्री विलेख

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि जमीन का बैनामा निष्पादित हो जाने के बाद विक्रय राशि का पूरा भुगतान नहीं होने के आधार पर बिक्री विलेख को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट खरीदार ने बिक्री की पूरी राशि न मिलने के आधार पर विक्रय विलेख निरस्त करने की मांग में दायर अपील खारिज कर दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन ने गुंजन अग्रवाल की अपील पर दिया है।मथुरा निवासी अपीलार्थी ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मथुरा के समक्ष वाद दायर किया था। उन्होंने आशीष कुमार गौतम के पक्ष में 30 नवंबर 2022 को एक पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित किया था, जिसका विक्रय मूल्य 32.50 लाख रुपये निर्धारित किया गया था। अपीलकर्ता के अनुसार उसे केवल 20 हजार नकद प्राप्त हुए और शेष 32.30 लाख का भुगतान चेक के माध्यम से किया जाना था, जो बाद में बैंक खाते में अपर्याप्त धनराशि के कारण बाउंस हो गया।

वादी ने खरीदार को विवादित संपत्ति पर उनके शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप करने से रोकने और विक्रय विलेख को रद करने की मांग की थी। खरीदार ने लंबित वाद में आवेदन दायर कर कहा कि पूरी रकम का भुगतान न करने के आधार पर विक्रय विलेख को रद करने का वाद कानूनी रूप से चलने योग्य नहीं है। ट्रायल कोर्ट ने 28 अगस्त 2025 को खरीदार के आवेदन को स्वीकार कर लिया। फैसला सुनाया कि वादी के पास केवल शेष विक्रय राशि वसूली के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है, न कि पंजीकृत विक्रय विलेख को रद करने का। इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर की। पक्षों को सुनने के बाद एकलपीठ ने कहा -भले ही पूरे मूल्य का भुगतान न किया गया हो, दस्तावेज निष्पादित और पंजीकृत होने के बाद बिक्री पूरी हो जाती है और शीर्षक क्रेता को हस्तांतरित हो जाता है।

अपूर्ण भुगतान बिक्री को अमान्य नहीं करता है और हस्तांतरणकर्ता के पास एकमात्र उपाय शेष प्रतिफल की वसूली के लिए मुकदमा दायर करना है। कोर्ट ने अपील को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखा।

## संविधान दिवस के अवसर पर लगाई गई संविधान आधारित प्रदर्शनी

**प्रदर्शनी में संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण, भारतीय संविधान में चित्रण-एक सांस्कृतिक यात्रा, संविधान का गौरव और विरासत आदि से सम्बन्धित प्रदर्श को प्रस्तुत किया गया**

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** बुधवार को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संविधान पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग उ0प्र0 एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान मे कार्यालय क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज में किया गया। इस प्रदर्शनी में संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण, भारतीय संविधान में चित्रण-एक सांस्कृतिक यात्रा, संविधान का गौरव और विरासत आदि से सम्बन्धित प्रदर्श को प्रस्तुत किया गया। सभी का स्वागत प्रभारी, क्षेत्रीय अभिलेखागार, गुलाम सरवर के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक, इतिहास द्वारा किया गया और आये हुए आगुन्तको को भारत के संविधान के बारे मे बताया। इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ, सहायक निदेशक, पत्राचार, सीमा सिंह, मंशा सिंह, रीता यादव, कीर्ति पटेल, प्रियंका यादव, सना सिद्दकी, सुमन यादव, दीपिका सिंह एवं नीलम जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विकास यादव, वरिष्ठ सहायक, शुभम कुमार की उपस्थिति रही।

## जनपद न्यायाधीश ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु मोबाइल वैन को प्रचार प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय प्रयागराज में समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण द्वारा प्रस्तावना के किया गया पाठ**

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर दिनेश कुमार गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 13.12.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया । समस्त जनमानस से अनुरोध है दिनांक 13.12.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय, प्रयागराज मे माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया।

## कलयुग में ईश्वर का नाम स्मरण ही मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम मार्ग

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी बुधवार को सच्चा बाबा नगर अरैल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य राघवेंद्र जी श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि कलयुग में ईश्वर का नाम स्मरण ही मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम मार्ग है यज्ञ-हवन की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में भागवत कथा का विशेष महत्व है और इसके श्रवण मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। मुख्य यजमान शंकर लाल पांडे के यहां चल रही इस कथा में महाराज ने कहा कि जो भक्त श्रद्धा एवं भक्ति से भगवान का स्मरण करता है, ईश्वर स्वयं उसके जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भागवत कथा मन, वचन और कर्म को पवित्र बनाकर जीवन को सफल बनाने का माध्यम है। कार्यक्रम में शंकर लाल पांडे, दिनकर पांडे, धीरज तिवारी, कुंवर जी तिवारी, अनुज तिवारी, हर्ष पांडे, कृष्णानंद तिवारी, राजकुमार पांडे, राजकिशोर, आत्म प्रकाश यादव, देवी दिन यादव, सौगंध पांडे सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।




## एसआईआर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



**नैनी।** नैनी छिवकी मे एसआईआर को लेकर बुधवार को व्यापक जागरूकता और फॉर्म वितरण अभियान चलाया गया। मंडल के प्राथमिक विद्यालय छिवकी स्थित बूथ संख्या पर आयोजित इस अभियान में मंडल उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष भारत भूषण तिवारी, बीएलओ श्रद्धा सिंह, बीएलओ आंचल श्रीवास्तव, बीएलओ-2 ओम श्रीवास्तव, शिवम तथा विजयशंकर सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अभियान के दौरान टीम ने घर-घर पहुंचकर एसआईआर फॉर्म वितरित किए और मतदाताओं को फॉर्म सही तरीके से भरकर शीघ्रता से जमा करने के लिए प्रेरित किया ताकि समय पर दस्तावेजीकरण पूरा हो सके। स्थानीय लोगों में भी मतदाता सत्यापन प्रक्रिया को लेकर उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। पदाधिकारियों ने बताया कि विशेष मतदाता अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज करना है।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में संविधान दिवस का आयोजन





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठनए प्रयागराज के प्रांगण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी. डॉ संजय सिंह नेगी ने आज सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के उद्देशिका का वाचन कराया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महोदय ने बताया कि से 26ए नवम्बर श्संविधान दिवसश्के रूप में मनाया जाता है। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित कियाथा। राष्ट्र को प्रभुता सम्पन्न बनाने एवं जन आकांक्षाओं की पूर्ति में संविधान की अहम भूमिका है। लोगों को जागरूक करने हेतु संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों का ज्ञान अति आवश्यक है। इन्ही अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए संविधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम मेंकेन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं को बेहतर करने का दिया निर्देश

## दवा स्टॉक रूम में अव्यवस्था मिलने पर डीएम ने फार्मासिस्टों पर विभागीय कार्रवाई के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा डा0 सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने मेडिकल कालेज में रजिस्ट्रेशन काउन्टर, ओपीडी, लैब, सीटी स्कैन, आईसीयू, फिजियोथैरिपी, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड सेन्टर आदि का गहन निरीक्षण किया और वास्तविक स्थिति की फीडबैक प्राप्त की। उन्होने विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से वार्ता की और उनके स्वास्थ्य, उपचार, व्यवस्था तथा उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज व सेवा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

डीएम ने दवाओं के स्टाक रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तो बताया गया कि 286 दवाओं में से 260 दवाओं की उपलब्धता बतायी गयी, डम्ब दवाओं का रख-रखाव सहीं ढंग से न पाये जाने व स्टाक रूम में दवायें डम्प मिलने पर डीएम ने चीफ फार्मासिस्ट कैलाश नाथ व फार्मासिस्ट बृज किशोर श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगायी और सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं के स्टाक रूम की विभागीय आडिट टीम गठित कर जांच करायी जाये और तीन दिवस के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी में मरीजों की अधिक भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने भीड़ नियंत्रण के लिये टोकन सिस्टम लागू करने तथा मरीजों के बैठने और प्रतीक्षा क्षेत्र की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की जरूरत है, इस संबंध में शासन को भेजे गए सभी पत्रों की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी करते हुये आवश्यक संसाधनों की स्वीकृति दिलायी जा सके। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डाक्टरों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, जो भी सुविधायें शासन स्तर से प्राप्त हो रही है उन्हें मरीजों को मुहैया करायी जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, सीएमएस डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा व स्वास्थ्य विभाग अधिकारी/ डाक्टर उपस्थित रहे।

## गुमटी का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

**पट्टी।** गुमटी का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास चोरों द्वारा किया गया। सुबह दुकानदार जब दुकान पर आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोर सामान ले जाने में असफल रहे। इसकी सूचना पीड़ित दुकानदार ने डायल 112 पुलिस से करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली इलाके के सरसतपुर सराय बाजार में स्थित लाल बहादुर वर्मा गुमटी खोलकर जीवन यापनकरता है। मंगलवार की देर शाम रोज की तरह वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया। बीती रात अज्ञात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़ दिया। लोगों के जाग जाने के कारण चोर सामान ले जाने में असफल रहे। चोर गहदाला आदि उपकरण छोड़कर चले गए। जब सुबह दुकान खोलने के लिए आया तो गुमटी का ताला टूटा देखा वह दंग रह गया और इसकी जानकारी 112 पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस पहुंची जांच पड़ताल करने के बाद चली गई। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# न्यूज झरोखा

### इलाज के दौरान विवाहिता की मौत, पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा



**प्रतापगढ़।** विवाहिता की इलाज के दौरान मौत होने पर पति समेत पांच आरोपियो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के गौखाड़ी निवासी उर्मिला देवी पत्नी हरकेश ने उदयपुर थाने पर दी गयी तहरीर मे कहा है कि उसकी बेटी मीनाक्षी का विवाह छः माह पहले उदयपुर थाना के खानीपुर गांव में संदीप के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही आरोपी दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी नही होने पर ससुरालीजन उसे मारने पीटने और प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता के पति संदीप ने बीती इक्कीस नवंबर को फोन पर मायके वालों को बताया कि मीनाक्षी की तबीयत बहुत खराब है और वह सांगीपुर सीएचसी में भर्ती है। अस्पताल में हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज इलाज के लिए ले जाया गया। वहां मंगलवार की रात उपचार के दौरान विवाहिता की मौत हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पति संदीप समेत सास धनपती, देवर कुलदीप व सुमित, ससुर दूधनाथ के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज किया गया है, जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पैंतीस लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी धराये, मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने गश्त के दौरान लक्ष्मणपुर तिराहे से रतिगरपुर निवासी बच्चा लाल सरोज को पन्द्रह लीटर अवैध शराब के साथ बुधवार की सुबह धर दबोचा। वही पुलिस ने पतुलकी मोड़ के समीप रतिगरपुर निवासी धीरज सरोज को बीस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। लीलापुर थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि दोनों आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

### विशेष पुनरीक्षण अभियान में योगदान के लिए बीएलओ हुए सम्मानित



**प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में तैनात तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बुधवार को भी रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने अभियान में नब्बे प्रतिशत की सफलता के लिए प्राथमिक विद्यालय रेहुआ लालगंज के शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह, संस्कृत पाठशाला पूरे नोती के अश्विनी कुमार, बेलहा प्राथमिक विद्यालय के अनुज सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं अभियान को लेकर एसडीएम ने बुधवार को सांगीपुर क्षेत्र के राजमतीपुर, सुजाखर, ओरीपुर नौगीर, सांगीपुर, कटेहटी मतदेय स्थलों पर संचालित कार्रवाई का जायजा लिया। एसडीएम ने अभियान से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता प्रपत्र को हर दशा में पूर्ण कराए जाने के कडे निर्देश दिये।

### रैली निकालकर विद्युत विभाग ने किया जागरुक




**पट्टी।** बिजली राहत बिल योजना 2025 में उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने के लिए विद्युत विभाग द्वारारैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया। एसडीओ अरुण कुमार यादव, टीजीटू प्रदीप शर्मा, संजय कुमार पाण्डेय, शैलेश सिंह सहित अन्य विद्युत कर्मचारियों द्वारा दुकान-दुकान व घर-घर जाकर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि योजना का लाभ लोग अधिक से अधिक उठाये। यहां पर चंदन शर्मा, अजय यादव, लाल बहादुर यादव चंद्रशेखर, राम राज वर्मा, नितिन सिंह, गंगा प्रसाद यादव, सुखदेव, धर्मेंद्र तिवारी, सूर्यबली यादव उमाशंकर, पिंटू, राजपति, के साथ बिजली विभाग के अन्य लोग मौजूद रहे।

### निकाली गई धर्म ध्वज यात्रा



**पट्टी।** धर्म ध्वज यात्रा बहारदा गांव में निकाली गई। जिसमें विश्व विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी भी शामिल होकर लोगों के धर्म के प्रति संदेश दिया। यहां यात्रा पंकज मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई। रानीगंज से होकर बहारदा गांव तक धर्म ध्वजा यात्रा निकाली गई। जिसमें मनोज ब्रह्मचारी महाराज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंसाफ बहादुर सिंह, विश्व हिंदू महासंघ जिला प्रभारी विमल सिंह, जिला मंत्री संगम लाल, गिरजा शंकर वर्मा, शुभम सिंह, मोहित सिंह, रविंद्र मौर्य, बबलू पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक चोरी करके भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**पट्टी।** रानीगंज थाना क्षेत्र के अड़ार गांव निवासी जे.पी. सिंह जामताली बाजार में चाय पान की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। प्रत्येक दिन की भांति मंगलवार को वह दुकान खोल रखा था।देर रात को वह बाइक से बाजार में सामान खरीदने गया था। बाइक खड़ी कर वह सामान खरीद रहा था कि मौका पाकर बाइक चोर बाइक लेकर फरार हो गया। जब वह सामान खरीद कर बाइक के पास गया तो बाइक गायब देखकर दंग रह गया। वह तत्काल दुकानदार के सीसीटीवी फुटेज में देखा तो एक बाहरी युवक बाइक लेकर जामताली से दिलीपपुर की तरफ जाता दिखाई दिया। लोग देर शाम को बाइक चोर को पकड़ने के लिए चारों तरफ दौड़ भाग करने लगे इसी बीच ग्रामीणों को आता देख चोर हड़बड़ा कर रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली दिलीपपुर रोड पर श्रीपुर गांव के समीप खाई में पलट गया। ग्रामीणों ने चोर को पड़कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक और चोर को पड़कर जामताली चैकी ले गई। उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान की गई। वह फेरी लगाने का काम करता है। बाइक चोर को पड़कर जामताली चैकी पुलिस पूछताछ कर विधिक कार्रवाई कर रही है। बाइक चोरी के मामले में वाहन स्वामी जे.पी. सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।

## संविधान के प्रति अधिवक्ताओं ने लिया संकल्प, हुई गोष्ठी



**प्रतापगढ़।** संविधान अंगीकरण दिवस पर यहां तहसील सभागार में संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में विधिक तथा सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान भी हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने संविधान की महत्वता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गुरूवचन सिंह बाघ व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि चकबंदी अधिकारी अविनाश पाण्डेय ने भारतीय संविधान को विश्व का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान कहा। विचार गोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अबरार अहमद ने भारतीय संविधान में समानता के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने संविधान के प्रति आस्था का संकल्प भी जताया। वहीं कार्यक्रम में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने वरिष्ठ अधिवक्ता केबी सिंह, सीओ चकबंदी अविनाश पाण्डेय तथा साहित्यकार गुरूवचन सिंह को मान पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, बेनीलाल शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, मस्तराम पाल, अनूप पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, मान सिंह, देशराज यादव, सुरेश मिश्र मदन, सिंटू मिश्र, जेपी द्विवेदी, बीडी पटेल आदि अधिवक्ता रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करायें : डीएम

## डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदेय स्थलों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत प्राथमिक विद्यालय गायघाट, अबुल कलाम इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज व एमडीपीजी कालेज का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भराये जाने के वास्तविक स्थिति की जानकारी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह भी उपस्थित रही।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर पहुॅचकर उपस्थित बीएलओ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान आनलाइन व आफलाइन गणना प्रपत्रों के भराये जाने व फीडिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तो पाया गया कि कुछ मतदेय स्थलो पर अध्यापकों द्वारा सहयोग नही किया जा रहा है जिस पर डीएम ने मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन पर वार्ता कर निर्देशित किया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में अध्यापकों की ड्यूटी लगाकर कार्यो में तेजी लायी जाये। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के कार्यो में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के फार्म भराकर फीडिंग का कार्य कराया जाये।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पंजाबी मार्केट में पैदल भ्रमण कर व्यापारियों से एसआईआर फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में जानकारी ली और जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि जिन भी लोगो के एसआईआर फार्म अभी तक नहीं भरे हुये है वह सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क कर यथाशीघ्र अपना फार्म अवश्य भरवा लें जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे ने और समय आने पर वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ को चेतावनी दी कि एसआईआर कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र अभी तक उनके घर नहीं पहुॅचे है, वहां पर यथाशघ्र फार्म उपलब्ध कराये और फार्म भराकर उसकी फीडिंग भी करायी जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित कार्य समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं। डीएम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। इसका लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा।

# संविधान दिवस-2025 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस-2025 को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति सहित अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संविधान दिवस-2025 के उपलक्ष्य में लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक शपथ पाठ का कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया जिसका अवलोकन अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओ ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। सभी ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प दोहराया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा और लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आहवान किया कि कानून सबके लिए समान होता है यह हमें संविधान से ही ज्ञात होता है। उन्होनें कहा कि हमें भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और देश में संप्रभुता, अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य, अधिकार का वर्णन है। विभिन्न धर्म, जाति, संस्कृति आदि को ध्यान में रखकर सभी के अधिकार निहित है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति व सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट के अलावा जिले के विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में भी गोष्ठियां, चचाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के निमार्ताओं के योगदान को सम्मानित करना और नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में टेण्ट व्यापारी का कर्मचारी लापता संग्रामगढ़ इलाके में कार व मोबाइल बरामद

### व्यापारी ने जतायी कर्मचारी के अपहरण की आशंका, पुलिस ने घटना को बताया संदिग्ध

**लालगंज।** रायबरेली के टेण्ट व्यवसायी का कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने छानबीन के दौरान उसकी कार और मोबाइल बरामद किया है। दो थानों की पुलिस उसकी तलाश और छानबीन में जुटी हुई है। रायबरेली जिले के एक टेण्ट व्यवसायी के यहां सुनील जायसवाल लेनदेन समेत अन्य कार्य देखता है। बुधवार को वह टेण्ट की बुकिंग के सिलसिले में लालगंज कोतवाली के भटनी इलाके में आया था। इसके पश्चात वह वापस संग्रामगढ़ की ओर कार से निकला। रास्ते में उसने टेण्ट व्यवसायी को सूचना देकर बताया कि उसके पीछे कुछ लोग लगे हुए हैं और अनहोनी कर सकते हैं। इसके बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। घटना की सूचना व्यवसायी ने लालगंज व संग्रामगढ़ पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस ने संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाभन की बखरी गांव के समीप कर्मचारी की कार और उसका फोन बरामद कर लिया। कार के अंदर एक डायरी मिली है जिसमे पचास हजार रुपए एडवांस दिये जाने की बात लिखी गयी है। मामले को लेकर दोनों थानों की पुलिस जांच में जुटी हुई है। आशंका है कि पैसों को लेकर किसी ने उसका अपहरण किया है। लेकिन पुलिस इस बात को खारिज कर रही है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि संग्रामगढ़ इलाके में घटना होने की बात कही जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध और लेनदेन का विवाद लग रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# समानता के अधिकार को लेकर वकीलों ने उठाई सुरक्षा की आवाज, किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को संसद के आगामी सत्र में पास कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को यहां वकीलों ने एकजुटता का ऐलान किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में अधिवक्ताओं ने संविधान अंगीकरण दिवस पर समानता के अधिकार को लेकर सुरक्षा विधेयक को लेकर संघर्ष का बिगुल बजाया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर तहसील परिसर में वकीलों ने नारेबाजी भी की। वहीं परिसर में विधेयक के मसौदे को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संविधान में समानता का अधिकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। उन्होने कहा कि सरकारें वकीलों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर कतई ध्यान नही दे रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश ने कहा कि यदि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर विधेयक पेश नही किया जाता तब वकील संसद भवन के सामने घेराव व प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के जरिये देश में अन्याय के खिलाफ न्याय के संघर्ष को मजबूती मिलेगी। वहीं उन्होने बार कौंसिल के द्वारा सीओपी को लेकर मांग उठाई कि इसे अविलम्ब जारी करते हुए प्रदेश के सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं को अतिरिक्त मतदाता के जरिए मतदान का संवैधानिक अधिकार दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश प्रताप सिंह व संचालन अजय कुमार त्रिपाठी ने किया। संयोजन प्रमोद मिश्रा व विमलचंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर गुलशाद, मानिकचंद्र यादव, पुरूषोत्तम द्विवेदी, जयश्री प्रसाद शर्मा, प्रेमशंकर आदि रहे।

## नीलगाय से टकराई बाइक दो घायल

**पट्टी।** जिला मुख्यालय जा रहे बाइक सवार के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें महिला समेत दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सीएचसी लेकर आई। जहां पर हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बाभनपुर गांव के रहने वाले सुमित पुत्र अभय राज शिल्पा देवी पत्नी सतीश को लेकर मंगलवार सुबह घर से प्रतापगढ़ के लिए निकले थे। इस दौरान पट्टी-राजा बाजार मार्ग पर भरोखन नहर पुलिया के समीप पहुंचे कि अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से जोरदार टक्कर हो गई। बाइक चालक व पीछे बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसको प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बैंकों में लम्बित पत्रावलियों पर कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निस्तारण करायें : सीडीओ

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1750 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 4549 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 3665 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है, बैंकों द्वारा 942 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 984 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 165 का लक्ष्य मिला है जिनमें से 173 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 64 बैंकों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है और 57 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। सीडीओ ने बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जिन भी बैंकों के जो भी प्रकरण लम्बित है, उद्योग विभाग के कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त कर बैंकों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाये और यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उपायुक्त उद्योग या जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को अवगत कराया जाये।इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में 20 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिनमें से 24 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 07 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये और 11 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं पाया गया। सीडीओ ने सभी बैंक समन्वयकों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को सीडीओ के समक्ष अवगत कराया जिस पर सीडीओ ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि जो भी शिकायतें है उस पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीओ सिटी प्रशान्त राज, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी मो0 अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य एवं उद्यमीध्व्यापारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# उच्च शिक्षण संस्थानों में नफरत का विस्तार

**भाजपा** शासन में नफरत का विस्तार किस हद तक किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर से आया है, जहां कटरा के श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की भाजपा ने की और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। यह सरासर छात्रों के साथ अन्याय है और उस संविधान का भी अपमान है, जिसकी शपथ उपराज्यपाल ने पद ग्रहण करते वक्त ली थी। भाजपा की तो राजनीति ही धर्मांधता और नफरत की है, लेकिन क्या मनोज सिन्हा अब भी खुद को भाजपा की राजनीति से बांध कर चल रहे हैं। जबकि उनका पद उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संविधान की मयार्दा के अनुरूप फैसले लेने की मांग करता है।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा की अगुवाई में पांच सदस्यीय भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार 22 नवंबर को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की और मांग की कि प्रतिनिधिमंडल ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के नियमों में संशोधन कर विश्वविद्यालय में केवल हिंदू छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की जाएं। इसके साथ ही इस साल मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की मांग की। सुनील शर्मा का कहना है कि 'इस साल प्रवेश सूची में ज्यादातर छात्र एक ही समुदाय से हैं। यह विश्वविद्यालय एक धार्मिक संस्था है। हर श्रद्धालु अपनी भक्ति भावना से इस धार्मिक संस्था को दान देता है और चाहता है कि उसकी आस्था को बढ़ावा मिले। लेकिन बोर्ड और विश्वविद्यालय दोनों ने इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया। हमने एलजी से साफ कहा है कि केवल वही छात्र प्रवेश पा सकें जिन्हें माता वैष्णो देवी में आस्था हो।उच्च शिक्षण संस्थानों में नफरत का विस्तार

भाजपा शासन में नफरत का विस्तार किस हद तक किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर से आया है, जहां कटरा के श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की भाजपा ने की और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। यह सरासर छात्रों के साथ अन्याय है और उस संविधान का भी अपमान है, जिसकी शपथ उपराज्यपाल ने पद ग्रहण करते वक्त ली थी। भाजपा की तो राजनीति ही धर्मांधता और नफरत की है, लेकिन क्या मनोज सिन्हा अब भी खुद को भाजपा की राजनीति से बांध कर चल रहे हैं। जबकि उनका पद उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संविधान की मयार्दा के अनुरूप फैसले लेने की मांग करता है।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा की अगुवाई में पांच सदस्यीय भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार 22 नवंबर को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की और मांग की कि प्रतिनिधिमंडल ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के नियमों में संशोधन कर विश्वविद्यालय में केवल हिंदू छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की जाएं। इसके साथ ही इस साल मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की मांग की।

# संविधानः लोकतंत्र की आत्मा और सुशासन का आधार

-ललित गर्ग-

**संविधान** किसी भी राष्ट्र का चरित्र, मयार्दा और दिशा निर्धारित करता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं होता, बल्कि एक जीवंत मूल्य-व्यवस्था होती है जो राष्ट्र की आत्मा को परिभाषित करती है। संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र की स्थिरता, एकता और प्रगति का आधार हमारे संविधान की दूरदर्शिता, उदारता और संतुलन है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में सुशासन की पहली और अनिवार्य शर्त यही है कि संविधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे, केवल शासन के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के हर व्यवहार, आचरण और विचार में भी।

भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में हर वर्ष मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया।

भारत का संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत एवं आधुनिक संविधानों में माना जाता है। यह हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की भावना भी जगाता है। यह हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता से सज्जित करता है, साथ ही यह भी बताता है कि इन आदर्शों को जीवित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब किसी राष्ट्र में संविधान की अवहेलना शुरू होती है, तब लोकतंत्र डगमगाने लगता है। इसलिए संविधान का सम्मान करना एक विधिक प्रक्रिया का पालन मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र की बुनियाद है। आज संविधान दिवस पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि संविधान की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही दृढ़ता से बनी हुई है या नहीं? उत्तर स्पष्ट है-हाँ, क्योंकि हमारा समाज परिवर्तनशील है, चुनौतियाँ बदलती हैं, लेकिन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्श समय से परे हैं। संविधान की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब शासनकर्ता उसे सर्वोपरि मानें और नागरिक उसे जीवन का नैतिक मार्गदर्शक बनाएं। इसी संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि संविधान को केवल हाथ में लेकर जगह-जगह प्रदर्शन करना, जैसाकि कुछ राजनीतिक नेता, विशेषकर राहुल गांधी, करते हैं, क्या सचमुच संविधान के सम्मान का प्रतीक है? संविधान की प्रति का सार्वजनिक प्रदर्शन तब सार्थक होता है जब उसके मूल्यों को जीवन में उतारा जाए, उसके अनुच्छेदों का पालन किया जाए, उसके प्रति संयम, गरिमा और श्रद्धा रखी जाए। संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर भीड़ भावनाओं को



उकसाने का प्रयास, संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। संविधान को मंचों पर लहराना सम्मान नहीं, बल्कि उसकी गंभीरता का अवमूल्यन है। संविधान कोई राजनीतिक पोस्टर या प्रदर्शन की वस्तु नहीं, वह राष्ट्र की मयार्दा का दस्तावेज है, जिसे विवेक, संयम और ईमानदारी से समझने एवं पालन करने की आवश्यकता होती है।

संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण भी यही रहा कि संविधान तभी सफल होगा जब उसके अनुयायी चरित्रवान, प्रतिबद्ध और राष्ट्रहित साधक हों। बाबा साहेब ने कहा था-ह्लसंविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह खराब सिद्ध होगा।ह्व उनका यह चिंतन आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान को बनाया, पर उससे भी अधिक उन्होंने एक नैतिक चेतना जागृत की कि संविधान की शक्ति उसके लेखों में नहीं, बल्कि उस नागरिक चेतना में है जो उसे पालन करने के लिए तैयार रहती है। अंबेडकर का यह भी आग्रह था कि संविधान को केवल राजनीतिक बहस का साधन न बनाया जाए, बल्कि समाज सुधार और मनुष्य निर्माण की दिशा में उसका प्रयोग हो। उनके अनुसार संविधान को समझना यानी भारतीय समाज की आत्मा को समझना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उसे शासन का आधारस्तंभ बनाया है। वे बार-बार कहते रहे हैं कि ह्लसंविधान हमारी शासन-व्यवस्था का पवित्र ग्रंथ है।ह्व उनकी दृष्टि में संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं बल्कि अच्छे शासन, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। संसद के आरंभिक सत्र हों, प्रमुख राष्ट्रीय अवसर हों या आम जनता से संवाद, हर बार उन्होंने संविधान को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि ह्लसंविधान का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च रूप है।ह्व उनकी सरकार की प्राथमिकता यही रही है कि प्रत्येक नीति, प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक योजना संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे प्रयास हुए जिनका उद्देश्य संविधान के प्रति जन-जागरण बढ़ाना था, जैसे ह्लसंविधान के प्रति कर्तव्य पालनह्व अभियान, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पारदर्शी शासन एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा। उन्होंने संविधान दिवस को केवल समारोह न बनाकर राष्ट्रीय आत्मचिंतन का पर्व बनाने का प्रयास किया, जिससे हर नागरिक संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि महसूस करे, समझे और जिए।

संविधान का सम्मान केवल शासन की जिम्मेदारी भर नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यदि नागरिक संविधान को केवल विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में सीमित मानते रहेंगे, तो यह राष्ट्र अपने लोकतांत्रिक आदर्शों से दूर होता जाएगा। संविधान का वास्तविक सम्मान तब है जब हम अपने दैनिक जीवन में समानता का पालन करें, न्याय को महत्व दें, धर्मनिरपेक्ष दृष्टि रखें, किसी के साथ भेदभाव न करें, हिंसा या अराजकता के बजाय संवाद एवं शांति का मार्ग चुनें। आज जब दुनिया में असहिष्णुता, चरमपंथ और राजनीतिक कटुता बढ़ रही है, तब हमारा संविधान एक शीतल छाया की तरह हमें संरक्षण देता है। यह हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सत्ता परिवर्तन का खेल नहीं बल्कि मूल्यों की निरंतरता है। संविधान इन्हीं मूल्यों को स्थिर रखता है।

संविधान दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान का सम्मान केवल राष्ट्रीय पर्वों पर नहीं बल्कि प्रतिदिन के जीवन में होना चाहिए।

# बिहार चुनाव नतीजे : अर्थ और अनर्थ

राजेन्द्र शर्मा

**लालू**-राबड़ी का कथित जंगल राज, वंचित जातियों की, जिसमें मुस्लिम और महिला भी आते थे, एकजुटता के एसर्शन की ही कहानी थी। और भाजपा द्वारा लालू प्रसाद के यादव से तोड़कर, नीतीश कुमार को अपने पाले में खींचे जाने से, इस एकजुटता के तोड़े जाने की शुरूआत हुई थी। संघ-भाजपा ने तभी यह पहचान लिया था कि विशेषाधिकार-प्राप्त तबकों के हाथ में सामाजिक सत्ता बनाए रखने के लिए, वंचितों की संभव एकजुटता को नेतृत्वविहीन करना।

जीता वो सिकंदर! इसलिए, हैरानी की बात नहीं है कि अपने रामनाथ गोयनका स्मृति व्याख्यान में प्रधानमंत्री मोदी को अपनी बिहार की जीत पर खूब गाल बजाना नहीं भूला। यहां तक कि इस जीत को प्रधानमंत्री ने इसका प्रमाण और उदाहरण बनाकर भी पेश कर दिया कि उनके नेतृत्व में चल रही राजनीतिक ताकत की 'सबसे बड़ी प्राथमिकता सिर्फ एक' है, 'विकास, विकास और सिर्फ विकास।'

लेकिन, इस लफ्फाजी के पर्दे से क्या प्रधानमंत्री इस नतीजे के उस महत्वपूर्ण अर्थ को ढांपने की ही कोशिश नहीं कर रहे थे, जिसे उनकी पार्टी की असम सरकार के मंत्री, अशोक सिंघल ने इस चुनावी जीत पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में उजागर कर दिया था। भाजपायी मंत्री का ट्वीट जितना संक्षिप्त था, उससे ज्यादा मारक था। उसने फूल गोभी की खेती की तस्वीर लगाकर, बिहार में भागलपुर के अस्सी के दशक के आखिर के दंगों और उसमें खासतौर पर लोगाई गांव की दरिंदगी की याद दिलायी थी, जहां एक सौ अठारह मुसलमानों को मारकर, खेतों में गाढ़ दिया गया था और उसके ऊपर से फूल गोभी बो दी गयी थी। इस तस्वीर के साथ भाजपायी मंत्री की टिप्पणी थी–बिहार ने अनुमोदन किया! यानी बिहार चुनाव का नतीजा, मुस्लिम-विरोधी नरसंहार की ओर ले जाने वाले विचार का अनुमोदन है।

इसके बावजूद भाजपा के नेतृत्व वाले गठजोड़ की जीत के सांप्रदायिक तत्व को ही पूरी तरह से दबा दिया गया है। यह इसके बावजूद था कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतिश कुमार के नेतृत्व और खुल्लमखुल्ला मुस्लिम-विरोधी रुख अपनाने से बचने वाली पार्टियों के साथ गठजोड़ की मजबूरी भी, भाजपा को गिरिराज सिंह से लेकर, योगी आदित्यनाथ तक, मुख्यतः सांप्रदायिक बोली के लिए कुख्यात अपने नेताओं को, स्टार प्रचारकों के रूप में चुनाव प्रचार में उतारने से रोक नहीं पायी थी। यहां तक कि पहले चरण के मतदान के बाद, खासतौर पर सीमांचल क्षेत्र में अपनी चुनाव सभाओं में खुद प्रधानमंत्री मोदी और उनके नंबर दो अमित शाह, 'घुसपैठियों के खतरे' के बहाने से, मुस्लिम-विरोधी संदेश देने में जुट गए थे।

लेकिन, बिहार के नतीजे का सांप्रदायिक पहलू ही नहीं है, जिसे पूरी तरह से छुपाया गया है, छुपाया जा रहा है। इस चुनाव नतीजे का दूसरा




इसी तरह से छुपाया गया पहलू है, इसका सामाजिक पहलू। यह हैरानी की बात नहीं है कि भाजपा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठजोड़ ने इस चुनाव में केंद्रीय नैरेटिव के तौर पर लालू-राबड़ी के 'जंगल राज' बनाम नीतीश कुमार के 'सुशासन' को स्थापित करने की जो कोशिश की थी, उसके केंद्र में यादवों का दानवीकरण था। इसी को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी खुद 'कनपटी पर कट्टा' लगाए जाने का डर दिखाने में लगे रहे थे। बाद में तो उन्होंने अहीरों के 'सिक्सर से छः गोली सीने में उतारनेः का भोजपुरी गीत भी गाना शुरू कर दिया! इस दानवीकरण का मकसद, सत्ताधारी गठजोड़ द्वारा गढ़े गए उस सामाजिक/जातिगत गठजोड़ के वास्तविक चरित्र को छुपाना था, जो ऊंची जातियों की लगभग मुकम्मल एकजुटता के गिर्द, गैर-यादव पिछड़ों, अति-पिछड़ों और दलितों के बड़े हिस्से को जुटाने के जरिए गढ़ा गया था। 'जंगल राज' का मिथक और दो जाति-गठजोड़ों के बीच झूठी-बराबरी की गढ़ंत, ये दोनों इस सच्चाई को छुपाने के सबसे मोटे पर्दे थे कि सत्ताधारी गठजोड़ का सामाजिक सार क्या था? मीडिया के विश्लेषणों में एक तथ्य कथन के रूप में इसके बखानों ने इस पर्दे को और मोटा कर दिया था कि किस तरह सत्ताधारी गठजोड़, विपक्षी गठबंधन के मुकाबले कहीं व्यापक तथा संख्याबल में बड़े सामाजिक गठबंधन का प्रतिनिधित्व करता था। इसके जरिए कई बार अनजाने में, हालांकि अक्सर समझ-बूझकर, इस सच्चाई को छुपाया जा रहा था कि यह जाति-गठबंधनों के बीच होड़ भर नहीं थी, बल्कि सवर्ण जातियों पर केंद्रित कतारबंदी द्वारा, वंचित तबकों की एकजुटता में, वह चाहे वास्तविक हो या संभावित, सेंध लगाए जाने की कहानी थी। वास्तव में लालू-राबड़ी का कथित जंगल राज, वंचित जातियों की, जिसमें मुस्लिम और महिला भी आते थे, एकजुटता के एसर्शन की ही कहानी थी। और भाजपा द्वारा लालू प्रसाद के यादव से तोड़कर, नीतीश कुमार को अपने पाले में खींचे जाने से, इस एकजुटता के तोड़े जाने की शुरूआत हुई थी। संघ-भाजपा ने तभी यह पहचान लिया था कि विशेषाधिकार-प्राप्त तबकों के हाथ में सामाजिक सत्ता बनाए रखने के लिए, वंचितों की संभव एकजुटता को नेतृत्वविहीन करना और इसके लिए उसको नेतृत्व मुहैया कराने वाले अपेक्षाकृत संख्या बल वाले तबकों को अलग-थलग करना, जरूरी है। बिहार में यादवों, उत्तर प्रदेश में यादवों तथा जाटवों, हरियाणा में जाटों और अन्यत्र इसी प्रकार महत्वपूर्ण खेतिहर जातियों को निशाना बनाकर, विशेषाधिकार-प्राप्त तबकों के हाथ में सत्ता बनाए रखने की यह रणनीति, चुनावी पहलू से काफी कामयाब भी रही है। विपक्षी महागठबंधन की सामाजिक न्याय के प्रति निर्विवाद प्रतिबद्धता के बावजूद, बिहार में एक बार फिर वंचितों को एकजुट करने की कोशिशों को विफल कर, विशेषाधिकार-प्राप्त तबकों का सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखा गया है। इस सच्चाई को, जिसे अक्सर छुपा ही लिया जाता है, नयी गठित विधानसभा में और सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों में, जातिवार अनुपात में आसानी से देखा जा सकता है। जाहिर है कि सवर्णों की संख्या, अनुपात से कहीं बहुत ज्यादा है। जो जीता वो सिकंदर के शोर में जिस एक और बुनियादी सच्चाई को दबा ही दिया गया है, वह यह है कि 14 नवंबर को जिसका नतीजा निकला, वह चुनाव बस कहने-गिनाने के लिए ही चुनाव था। जनता के बहुमत की स्वतंत्र इच्छा की अभिव्यक्ति होने से यह चुनाव कोसों दूर ही नहीं था बल्कि व्यवहार में बहुत दूर तक उसका निषेध भी था। और जनमत की अभिव्यक्ति के निषेध का यह सिलसिला शुरू तो मोदी की भाजपा के देश में और बिहार में भी सत्ता में आने के बाद से ही हो गया था, जब संसाधनों में भाजपा की अनुपातहीन बढ़त और अंधाधुंध संसाधन झोंकने की उसकी तत्परता के जरिए, चुनावी मुकाबले को पूरी तरह से नाबराबरी का बना दिया गया। चुनाव मुकाबले की इस असमानता को, मोदी राज की विपक्ष के खिलाफ सत्ता के दमनकारी औजारों का सहारा लेने की उत्सुकता ने विपक्ष के लिए, योगेंद्र यादव के शब्दों में कहें तो एक कठिन 'बाधा दौड़ः ही बना दिया था। और अन्य तमाम संवैधानिक संस्थाओं की तरह, चुनाव आयोग पर सत्ताधारी पार्टी के कब्जे ने, इस बाधा दौड़ को भी एक लगभग असंभव दौड़ बना दिया था।

लेकिन, 2024 के आम चुनाव के बाद से, चुनाव आयोग की मिलीभगत से, सत्ताधारी पार्टी ने चुनाव से पहले ही अपनी जीत का ऐलान कराने के इतने पक्के इंतजाम कर लिए हैं कि, जनतंत्र की वास्तव में चिंता करने वालों ने गंभीरता से यह सवाल भी पूछना शुरू कर दिया है कि विपक्ष को ऐसे चुनाव में हिस्सा लेना भी चाहिए या नहीं?

बिहार के हाल के चुनाव में, चुनाव आयोग के जरिए चुनावी नौकरशाही को सत्ताधारी गठजोड़ के पक्ष में सैट करने के अलावा, कम से कम तीन स्तर पर अनुकूल नतीज के ये पक्के इंतजाम काम कर रहे थे। पहला, एसआईआर के जरिए मतदाता सूचियों से नामों की टार्गेटेड छंटाई और टार्गेटेड जुड़ाई भी। यह कोई संयोग ही नहीं है कि पिछले चुनाव में विपक्ष द्वारा कम अंतर से जीती गयी कई सीटों पर, वहां काटे गए वोटों से कम अंतर से, इस बार सत्ता पक्ष के उम्मीदवार जीत गए हैं। मतदाता सूचियों के कथित रूप से स्वच्छ किए जाने के बाद, हजारों लोगों को इस बार मतदान केंद्रों से निराश लौटना पड़ा क्योंकि उनके वोट काट दिए गए थे। दूसरी ओर, वोटों की टार्गेटेड जुड़ाई के साक्ष्य के तौर पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मुंबई आदि के दर्जनों जाने-पहचाने भाजपा नेताओं के, अपने-अपने राज्यों में मतदान करने के बाद, बिहार में भी मतदान करने वीडियो सामने आए हैं। यह मानने का कोई कारण नहीं है कि यह संख्या दर्जनों में ही होगी, जबकि एक खोजी रिपोर्ट से एक विधानसभाई क्षेत्र में ही मतदाता सूची में, उत्तर प्रदेश के पांच हजार मतदाताओं के नाम शामिल होने की सच्चाई सामने आयी थी। और कथित रूप से शुद्ध की गयी मतदाता सूचियों में फर्जी पते, अधूरे नाम, न पहचानने वाली तस्वीरों वाले लाखों मतदाता मौजूद थे। दूसरे, चुनाव आयोग की मिलीभगत से एक करोड़ बीस लाख महिलाओं के खातों में दस-दस हजार रुपए चुनाव के बीच में डाले जाने समेत, सरकारी खजाने से अनुमानतः 30,000 करोड़ रुपए की खैरात टार्गेटेड मतदाता समूहों में बांटी ही नहीं, यह पैसा पाने वाली करीब एक-एक लाख जीविका दीदियों से, चुनाव आयोग द्वारा दोनों चरणों में मतदान के काम में मदद भी ली गयी!

तीसरे, चुनाव आयोग ने मतदाताओं की कुल संख्या से लेकर मत फीसद तक और वोटों की गिनती में भी, संदेहजनक आचरण की पराकाष्ठा कर दी। न सिर्फ एक बार फिर मत फीसद बाद तक बढ़ाया जाता रहा, आयोग के अनुसार ही जितने वोट पड़े, उससे करीब पौने दो लाख वोट ज्यादा गिने गए; कम से कम छः सीटों पर कैंसिल किए गए डाक मतों से कम अंतर से हार-जीत हुई; कम से कम आठ सीटों पर जीतने वाले सत्ताधारी गठजोड़ के उम्मीदवारों के वोट की संख्या संदेहजनक तरीके से एक जैसी निकली, आदि। हैरानी की बात नहीं है कि ऐसे चुनाव में अकेले सबसे ज्यादा, 23 फीसद वोट हासिल कर, राजद 25 सीटों पर रुक गयी है और 38 फीसद वोट लेकर भी महागठबंधन 34 सीटों पर ही सिमट गया है।

# दक्षिण एशियाई देशों के लिए सावधानी और सहयोग से चलने का समय

– डॉ. अरुण मित्रा

**अब** समय आ गया है कि हम कुछ सकारात्मक सोचना शुरू करें। हमें यह समझना होगा कि हम तीन न्यूक्लियर हथियार वाले पड़ोसी हैं। बयानबाजी करने के बजाय हमें अपने पड़ोसियों के साथ भरोसा बनाने की कोशिश करनी चाहिए। यह आसान काम नहीं होगा क्योंकि अमेरिकी भारत-प्रशांत मामलों में ज्यादा से ज्यादा शामिल हो रहे हैं। उनका गेम प्लान इस इलाके में हथियार बेचना है।

पिछले कु छ समय से दक्षिण एशिया में एक के बाद एक तेजी से हो रही घटनाएं चिंता की बात हैं। हमने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हिंसा देखी, जिसमें 26 बेगुनाह लोग मारे गए। अब 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास एक कार में हुए धमाके में 15 लोग मारे गए हैं। उसी दिन इस्लामाबाद में हुए धमाके में 10 लोग मारे गए। यह इस बात का इशारा है कि आतंकवादी जब चाहें कहीं भी लोगों को मार सकते हैं। इन घटनाओं ने इस इलाके में सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अंदरूनी सुरक्षा संकट से बाहरी तनाव पैदा हो सकता है, और भारत और पाकिस्तान भी एक-दूसरे पर इल्जाम लगाने में देर नहीं लगाते। इन घटनाओं से तनाव बढ़ता है और बयानबाजी बढ़ती है, जिससे हथियारों की होड़ बढ़ जाती है। ऐसी घटनाओं से बाहरी ताकतों को भी फायदा उठाने का मौका मिलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 से ज्यादा बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने इस साल भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को 'खत्म करने' में मदद की; उन्होंने भारत और पाकिस्तान को धमकी दी कि अगर उन्होंने झगड़ा खत्म नहीं किया तो वे 350प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे; 'मोदी, शरीफ ने मुझे फोन किया'। 'मैं नहीं चाहता कि आप लोग एक-दूसरे पर न्यूक्लियर हथियार चलाओ, लाखों लोगों को मारो और लॉस एंजिल्स में न्यूक्लियर धूल उड़े'। उन्होंने आगे दावा किया कि उन्हें 'प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया, जिसमें कहा गया, 'हमारा काम हो



गया'। मैंने कहा, 'तुम्हारा क्या हो गया?' मिस्टर ट्रंप ने कहा और दावा किया कि मिस्टर मोदी ने जवाब दिया: 'हम जंग नहीं करने जा रहे हैं।' ट्रंप का धमकी भरे अंदाज में कहना एक तरह से दो आजाद देशों के आपसी मामलों में सीधा दखल है। हैरानी की बात है कि भारत सरकार ने इनकार का कोई बयान जारी नहीं किया है।

अमेरिका-चीन इकानॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन की नई रिपोर्ट में भारत के साथ मई 2025 की लड़ाई में पाकिस्तान की मिलिट्री कामयाबी का दावा किया गया है, और पहलगाम को 'विद्रोही हमला' बताया गया है। रिपोर्ट में चीन के लॉजिस्टिक्स के साथ पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष समर्थन पर भी जोर दिया गया है। कोई हैरानी नहीं कि मिस्टर ट्रंप ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल मुनीर को लंच पर बुलाया। वे आर्थिक रूप से मुश्किल में फंसे पाकिस्तान के साथ रिश्ते बढ़ाने के लिए भी तैयार हैं।

एक और घटना जो हुई है, वह है बांग्लादेश की एक अदालत द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना वाजेद को मौत की सजा सुनाना। हसीना वाजेद अभी भारत में हैं और बांग्लादेश सरकार ने मांग की है कि उन्हें ढाका वापस भेजा जाए। भारत सरकार के लिए यह कोई आसान फैसला नहीं है। हसीना शेख मुजीब-उर-रहमान की बेटी हैं, जिन्होंने पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। इतिहास गवाह है कि 1970-71 में पाकिस्तानी मिलिट्री ने कितने जुल्म किए थे। 2015 में ढाका की अपनी यात्रा के दौरान मुझे पता चला कि पाकिस्तानी सेना ने उस समय यूनिवर्सिटी, कॉलेज और मेडिकल संस्थानों में पढ़े-लिखे लोगों पर खास ध्यान देते हुए करीब 30 लाख लोगों को मार डाला। भारत सरकार ने लोगों के विद्रोह में मदद की और आखिरकार पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया और बांग्लादेश बना। तब से भारत के बांग्लादेश के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। इस दौरान बांग्लादेश ने आर्थिक रूप से तरक्की की और स्वास्थ्य समेत कई क्षेत्रों में भारत के विकास के संकेतकों को पीछे छोड़ दिया।

फिर भी देश में बेरोजगारी और महंगाई जैसी कई समस्याएं थीं। इसकी वजह से छात्रों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए। हसीना वाजेद स्थिति की गंभीरता को समझने में नाकाम रहीं। छात्रों से बात करने के बजाय उन्होंने बहुत ज्यादा दमन का सहारा लिया, जिससे बड़ी संख्या में छात्र मारे गए। इससे इस्लामिक कट्टरपंथी गुटों को जगह मिली। अब यह पूरी तरह साफ है कि यह सब तब हुआ जब उन्होंने अमेरिका को एक द्वीप देने से मना कर दिया था। उन्होंने साजिश रची और स्थिति का पूरा फायदा उठाया और मोहम्मद यूनुस को केयर टेकर बना दिया।

इस तरह अब भारत के पूर्वी और पश्चिमी दोनों बॉर्डर पर तनाव है। चीन के साथ हमारे व्यापारिक संबंध हैं, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच कई बैठकों के बावजूद इस बात की कम ही संभावना है यह रिश्ता रणनीतिगत बन पाएगा। हसीना वाजेद के प्रत्यार्पण के बारे में सरकार को सभी राजनीतिक पार्टियों को बुलाकर उनसे बातचीत करनी चाहिए। यह उकसाने या कट्टर होने का समय नहीं है क्योंकि इस इलाके में कोई भी बड़ी सशस्त्र लड़ाई बहुत बुरी होगी।

# संविधान दिवस पर सामूहिक वाचन से गूँजा कलेक्ट्रेट सभागार, मूल्यों पर हुआ मंथन

**26 नवंबर पर हुआ जिला स्तरीय संवाद**

**अखंड भारत संदेश**



संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करते अधिकारीगण

**चित्रकूट।** भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाए जाने की परंपरा के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार चित्रकूट में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्गए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगमए अपर उप जिलाधिकारी अजय कुमार यादव सहित अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गंभीर और उद्देश्यपूर्ण बनाया। जिलाधिकारी ने बताया कि संविधान दिवस की शुरूआत वर्ष 2015 में युवाओं और नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों. न्यायए स्वतंत्रताए समानता और बंधुत्वकृको मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी। 26 नवंबर 1949 वह ऐतिहासिक दिन है जब संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया थाए इसलिए यह तिथि राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक है। जिलेभर के शैक्षणिक संस्थानोंए सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईंए जिनमें संविधान की प्रस्तावना का पठनए कानूनी साक्षरता कार्यक्रम, विचार.गोष्ठियाँ, व्याख्यान, प्रदर्शनी, वाद.विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। ई.संविधान और डिजिटल संसाधनों के प्रचार.प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहींए बल्कि देश की लोकतांत्रिक आत्मा है। यह दिन नागरिकों को अपने अधिकारोंए कर्तव्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का संकल्प दिलाता है।

# तेज रफ्तार का कहर : प्राइवेट बस ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, दो की मौत एक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेर्राव गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों को प्राइवेट बस ने रौंदा, दो युवको की मौत हो गई, वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कमासिन थाना क्षेत्र अंतर्गत छिलोलर गांव निवासी शुभम पुत्र रवि करण नामदेव उम्र 20 वर्ष, सुरेंद्र उर्फ सोनी पुत्र देवराज गुप्ता उम्र करीब 20 वर्ष व निखिल पुत्र मूलचंद उम्र करीब 20 वर्ष तीनों निवासी छिलोलर थाना कमासिन यह तीनों एक ही बाइक में सवार होकर बेर्राव गांव से अपने गांव की तरफ जा रहे थे तभी कमासिन की तरफ से सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस बेर्राव गांव के पंडित दीनानाथ महाविद्यालय के पास सामने से बाइक सवार को रौंद डाला, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर सभी घायलों को अपनी ही गाड़ी में ले जाकर तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद सुरेंद्र उर्फ सोनी व निखिल नामदेव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शुभम को प्राथमिक उपचार करने के बाद पैर फैक्चर होने की वजह से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वही मौत की खबर सुनकर दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जिसका बुधवार की दोपहर पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा बस को अपने कब्जे में कर लिया है, और आगे की कार्यवाही की जा रही है, जानकारी के मुताबिक मृतक निखिल अपने परिवार में इकलौता था। वहीं मृतक सुरेंद्र उर्फ सोनी यह छ भाइयों में पांचवें नंबर का था, इसमें इस घटना को देखते हुए मृतक निखिल की मां जयरानी व मृतक सुरेंद्र उर्फ सोनी की मां फूलमती सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हिंदू धर्म पर कटाक्ष कर सस्ती लोकप्रियता लूटने की साजिश, जिले में छिड़ी नई बहस

**बौद्ध विवाह के नाम पर जाति विशेष पर सवाल**

**चित्रकूट।** जिले में एक नेता जी ने बौद्ध तरीके से विवाह का एक ऐसा स्वांग रचा कि पूरे इलाके में चर्चा और विवाद दोनों एक साथ फैल गए। आयोजन को इस तरह प्रस्तुत किया गया मानो बिना पंडितए बिना मंत्र और बिना सात फेरे के विवाह ही आधुनिकता की परिभाषा हो। मजे की बात यह कि इस कार्यक्रम में जिले के कई नेता बाकायदा मौजूद रहे और इस पूरे नाटक को किसी विशेष धर्म या जाति के विरुद्ध तंज की तरह पेश किया गया। क्योंकि जाति विशेष को नीचा दिखाएंगे तभी पीडीए वोट बैंक नेताजी की झोली में गिरेगा। मंच से यह दिखाने की कोशिश की गई कि हिन्दू विवाह में केवल एक जाति की भूमिका होती है जबकि सच्चाई यह है कि हिन्दू विवाह किसी एक वर्ग का नहींए बल्कि कुम्हारए ब्राह्मणए नाईए सोनारए मालीए कहारए बढ़ई समेत अनेक जातियों की भागीदारी से पूरा होने वाला सामूहिक संस्कार है। सवाल है कि क्या बौद्ध रीतियों से विवाह करना जिले में पहली बार हुआ है बिल्कुल नहीं। फिर इस आयोजन को इस तरह क्यों पेश किया गया मानो हिंदू परंपराएँ किसी जाति विशेष की बपौती हों ऐसे विवाह वर्षों से होते आए हैं और किसी ने इन्हें लेकर विवाद नहीं खड़ा किया। लेकिन इस बार साफ दिखा कि आयोजन धार्मिक रीति.रिवाजों पर हल्का कटाक्ष करते हुए सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश थीए जिसमें जातीय आरोपों का तड़का लगाना भी नहीं भूला गया। मजे की बात है कि पूरे समारोह में कहीं भी बौध भंते तक नजर नही आए फिर यह समारोह आखिर था क्याघ जनता ने तंज कसा कि जब जिले के लोग समस्या से जूझते हैं तब कार्यक्रम में शामिल बडे माननीयों को खुद के काले धंधों से फुरसत नही होती और व्यस्त होने का बहाना बनाते हैंए लेकिन ऐसे दिखावटी आयोजनों में समय निकालने में जरा भी देर नहीं लगी। पूरे आयोजन ने राजनीति, धर्म और जाति के बीच एक नया विवाद खड़ा कर सस्ती लोकप्रियता जरुर लूटी है।

# विकास भवन के औचक निरीक्षण में कई अधिकारी कर्मचारी मिले गायब, कार्रवाई के निर्देश

- सरकारी दफ्तरों की खुली हकीकत
- निरीक्षण में कई खामियां उजागर
- चार महीने से गायब कर्मचारी



औचक निरीक्षण पर जांच करती सीडीओ

**चित्रकूट।** 26 नवंबर की सुबह विकास भवन चित्रकूट में विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गयाए जिसमें प्रशासनिक कार्यप्रणाली की वास्तविक तस्वीर सामने आ गई। सबसे पहले जिला विकास कार्यालय में उपस्थिति पंजिका देखी गईए जहाँ पता चला कि जीप चालक राघवेन्द्र सिंह पिछले चार महीनों से अनुपस्थित हैं। इस गंभीर लापरवाही पर जिला विकास अधिकारी को उनके विरुद्ध चार्जशीट गठित कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के कार्यालय में लंबे समय से पड़ी निष्प्रयोज्य सामग्री को सूचीबद्ध कर तत्काल नीलामी के आदेश भी जारी किए गएए साथ ही खराब फोटोकॉपी मशीन को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण में विकास भवन स्थित इंडियन बैंक के पास लगा खराब आरओ हटाने के आदेश भी दिए गए। उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यालय की उपस्थिति की जाँच में पीडीएफ विकास मिश्रा 19 नवंबर से बिना सूचना अनुपस्थित मिलेए जिनका मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। उद्यमी मित्र सुधा सिंह भी अपने कार्यालय से गायब पाई गईं। समाज कल्याण कार्यालय में मल्टी.टास्क कर्मचारी शिवपूजन अनुपस्थित मिलेए जबकि जिला समाज कल्याण अधिकारी एक सरकारी कार्यक्रम के चलते बाहर पाए गए। इसी प्रकार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दोनों अपने कक्षों में मौजूद नहीं थे। पंचायतराज कार्यालय में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। डीसी एमआईएस हरवीश कुमार, डीसी एसएलडब्ल्यूएम यशवंत यादव, एकाउंटेंट राहुल शुक्ला और कम्प्यूटर ऑपरेटर कमलेश गुप्ता सभी अनुपस्थित मिले, जिनका एक दिन का मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। चकबंदी विभाग में भी रंजिता सिंह 13 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित पाई गईंए जिन पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण ने स्पष्ट किया कि कई विभागों में नियमितता और जिम्मेदारी को लेकर गंभीर सुधार की जरूरत है।

# जिले में छह ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के नवीनीकरण को स्वीकृति, 12.50 किमी काम शुरू

- 259.91 लाख की सड़क मरम्मत योजना स्वीकृत
- मंडी परिषद ने भेजा कार्य आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि मंडी परिषद द्वारा चित्रकूट जनपद में किसानों की आवाजाही को सुगम बनाने और उनके कृषि उत्पादों को मण्डी स्थल तक आसानी से पहुंचाने के उद्देश्य से कुल 36 सम्पर्क मार्गों का निर्माण किया गया थाए जिनकी लंबाई 59.014 किलोमीटर है। समय के साथ पूर्व निर्मित कुछ मार्ग क्षतिग्रस्त हो गएए जिन्हें अब मरम्मत और नवीनीकरण की आवश्यकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की गड्ढामुक्तिकरण प्राथमिकता के तहत वित्तीय वर्ष 2025.26 की प्रथम चरण योजना में छह सम्पर्क मार्गों की मरम्मत को स्वीकृति दी गई है। इन मार्गों की कुल लंबाई 12.50 किलोमीटर और स्वीकृत लागत 259.91 लाख रुपये निर्धारित की गई है। मंजूर किए गए मार्गों में असोह.मछियार ;2ण्50 किमीद्धए सिमरा.धौनेहा ;2.40 किमीद्धए सिमरा.धौनेहा का अवशेष भाग 1.60 किमीद्धए कर्वी.मऊ मार्ग से ददरी ;2.50 किमी प्रसिद्धपुर.सगवारा मार्ग से नंदी तालाब के पास लोहदा हरिजन आबादी तक ;1.50 किमीद्ध और गनीवा फार्म से आगे श्रमदान.लोहरुमा पुरवा सम्पर्क मार्ग 2.00 किमी शामिल हैं। इन सभी मार्गों की मरम्मत का कार्य मंडी परिषद ;निर्माणद्ध बांदा द्वारा शीघ्र शुरू कराया जाएगा और तय समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सड़कों के नवीनीकरण से किसानों के साथ.साथ ग्रामीण आमजन के आवागमन में महत्वपूर्ण सुविधा बढ़ेगी तथा कृषि उत्पादों के परिवहन में भी सुगमता आएगी।

# बीजेपी की बैठक में स्नातक चुनाव की दिशा तयए जिम्मेदारियां बांटी गईं

**स्नातक मतदाता अभियान**

**अखंड भारत संदेश**




बैठक में मौजूद भाजपाई

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की ओर से स्नातक विधायक चुनाव की तैयारी को लेकर जिला पंचायत सभागार में आयोजित रणनीतिक बैठक जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे और जिला प्रवासी आशीष मिश्रा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक विधायक का चुनाव अन्य चुनावों से अलग प्रकृति का होता हैए जिसमें केवल स्नातक उत्तीर्ण लोग ही मतदाता बन सकते हैं। अब तक बुंदेलखंड में संगठन के सहयोग से लगभग एक लाख स्नातक मतदाता बनाए जा चुके हैं। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाली मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में ऐसे सभी छूटे हुए लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी संगठन ने अपने कार्यकताओं को सौंपी है। क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को समान गंभीरता और तैयारी के साथ लड़ती हैए और स्नातक चुनाव भी इससे अलग नहीं है। जिला प्रवासी आशीष मिश्रा ने इस प्रक्रिया को आगे आने वाले सभी चुनावों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चरण बताते हुए कार्यकताओं से इसमें अधिकतम सहभागिता की अपील की। जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि स्नातक विधायक चुनाव और सीर प्रक्रियाए दोनों ही पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें सफल बनाने के लिए प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रए पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्यायए सुशील द्विवेदी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए।



ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संविधान दिवस कार्यक्रम में मौजूद छात्र

# ग्रामोदय में संविधान दिवस कार्यक्रम छात्रों ने स्लोगन देकर रखे अपने विचार

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संविधान दिवस अवसर पर कला संकाय में सामूहिक शपथ एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआए जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। छात्रों ने सशक्त स्लोगनों के माध्यम से संविधान के प्रति अपनी समझ और दृष्टि प्रकट की। मुख्य वक्ता एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो नीलम चौरे ने राष्ट्रीय आंदोलन की पृष्ठभूमि के बीच संविधान निर्माण की रूपरेखा पर विस्तृत प्रकाश डाला और नेहरू रिपोर्ट के प्रावधानों पर भी चर्चा की। विशिष्ट अतिथि एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो ललित सिंह ने संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीपिका ने उपस्थित सभी छात्र.छात्राओंए शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# ऐतिहासिक आंदोलन की वर्षगांठ पर किसानों का विरोध, एमएसपी गारंटी कानून की पुकार, डीएम को सौपा ज्ञापन

- किसानों का एकदिवसीय प्रदर्शन
- सरकार से वार्ता व समाधान की अपील

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते भाकियू कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचेए जहां उन्होंने एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के माध्यम से ज्ञापन भेजा। राही ने कहा कि 26 नवंबर 2020 को दिल्ली की सीमाओं से शुरू हुआ ऐतिहासिक किसान आंदोलन अपनी पांचवीं वर्षगांठ पर एक बार फिर किसानों को जिला स्तर पर आवाज उठाने के लिए मजबूर कर रहा है। 380 दिनों तक चले इस आंदोलन में 736 किसानों ने प्राण गंवाए थेए जिसके बाद तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े, लेकिन सरकार द्वारा किए गए कई वादे अब भी अधूरे हैं। किसानों ने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि लंबित मुद्दों पर सरकार से तत्काल वार्ता कराई जाए। उनकी प्रमुख मांगों में सभी फसलों के लिए एमएसपी को सीटू प्लस 50 फॉर्मूले के साथ कानूनी गारंटीए बिजली अधिनियम 2025 की वापसीए निजीकरण पर रोकए स्मार्ट मीटरों का स्थगनए 84 हजार करोड़ की उर्वरक सब्सिडी की बहालीए सार्वजनिक क्षेत्र आधारित फसल व पशुधन बीमा योजना और पराली व एनजीटी कानूनों को निरस्त करने जैसी मांगें शामिल रही। साथ ही श्रम संहिताओं की वापसी, मनरेगा की अवधि 200 दिन और मजदूरी 700 रुपये करने तथा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक की भी मांग उठाई गई। इस दौरान नरेश तिवारी, नीलकंठ द्विवेदी, जसवंत चौहान, अर्जुन सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# जीवनदायिनी नदियों के अस्तित्व को लगा अबैध खनन का ग्रहण

**अखंड भारत संदेश**

**अधिकारियों की उदासीनता से छिन्न-भिन्न हो रही जलधारा।**

**इटवां मरौली खँड (5), भदावल खदानों मे लगातार जारी है नियमों के विपरीत खनन**

**बांदा।** प्रदेश में योगी सरकार को उसके प्रशासनिक अधिकारी मानो बदनाम करने करने का बीड़ा उठा रखा है। तभी सबकुछ देख कर भी आने वाले भविष्य में जनपद को रेगिस्तान बनाकर लगातार भयानक जल संकट की सौगात देने का प्रयास लगातार जारी है। मीडिया टीम सर्वे के मुताबिक जनपद में खनिज विभाग की कार्यशैली से खनन कारोबारी बेलगाम होकर एनजीटी शर्तों व खनन परिवहन नियमों को तार-तार कर करोड़ों रुपए के राजस्व की लूट-खसोट जारी किए हैं। जिसमें खनिज, परिवहन व राजस्व विभाग अपनी काली कमाई कर रहे हैं। इस धन वर्षा में उनकी उपयोगिता के अनुसार जेबें भी भरीं जा रही है। अब मण्डल से जनपद स्तर के उच्चाधिकारियों ने भी मौनव्रत धारण कर लिया पता नहीं इसके पीछे कौन सी अदृश्य शक्ति है जो प्रशासन की शक्ति को भी दबा रही है। मीडिया में नामी-गिरामी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व अन्य संस्थानों ने लचर कार्यप्रणाली के चलते बहती धारा में बहना ही उचित समझा है। लेकिन कुछ कलमकारों ने यदि कोई खबर प्रकाशित की तो उसको मनगढ़ंत आरोप और कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर दबाने का काम किया गया। इसके साथ कुछ बहरुपिया दलाल मीडिया की ठेकेदारी के दम पर हिस्सेदारी बनाकर लाखों रुपए वसूल रहे हैं और दिन दूने रात चौगुना तरक्की कर रहे हैं।

खनन कारोबारियों के आगे उच्चाधिकारियों व डीएम के आदेश भी फेल साबित हो रहें है तभी तो उनकी मरौली खंड 5 व अतर्रा तहसील की भदावल इटवाँ से बालू कारोबारी बेधड़क नदियों की कोख को उजाड़ कर उसमें पलने वाले जलीय जीवों की निर्मम हत्या कर पूरे पारिस्थितिक तंत्र को बिगाड़कर लाल सोने को मानक से चार गुना ज्यादा ट्रकों में भरकर बेचने का काम लगातार जारी है। किसानों के खेतों में ओवरलोडिंग वाहनों की धमाचौकड़ी से खेतों को बंजर किया जा रहा है अभी विगत दिनो इटवां व भदावल से आये किसानों ने जिलाधिकारी से मिलकर खेतो को ट्रको द्वारा रौदकर नुकसान पहुंचाने पर शिकायती पत्र दिया था कि बालू कारोबारी हैवीवेट मशीनरी केन नदी व बागै में मानक से कई गुना अधिक गहराई तक मौत के कुआं खोदकर क्षेत्रीय जनता को आकाल मृत्यु के मुहाने पर खड़ा कर रहे हैं। अन्य खदानों में नियमों के विपरीत खनन कारोबारी सिस्टम के साथ लगातार ओवरलोडिंग व अबैध खनन कर प्रतिदिन करोड़ों रुपए राजस्व की लूट-खसोट जारी किए हैं। और जिम्मेदार खाली कागजों पर सबकुछ आल इज वेल दिखाकर सभी नियम-कानून की हवा निकाल रहे हैं। बीच-बीच में समाजसेवी, किसान यूनियन, मीडिया व अन्य इसके लिए आवाज बुलंद करते हैं लेकिन धृतराष्ट्र नीति के कारण ये सूचना प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नहीं होती है जिससे खदानों का काला सच लखनऊ तक ना पहुंच सके।अवैध खनन से सँबन्धित खनिज अधिकारी से फोन पर जानकारी लेनी चाही तो फोन रिसीव नही किया गया ।

# छात्रवृत्ति आवेदन की नई गाइडलाइन, सभी शिक्षण संस्थानों को समय से पूर्ण करें प्रक्रिया

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम 9.10 व दशमोत्तर 11.12 छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु वर्ष 2025.26 की संशोधित समय.सारिणी जारी कर दी गई है। नए शेड्यूल के अनुसार विद्यालयों द्वारा प्रोफाइल लॉक 25 नवंबर से 1 दिसंबर, जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन 8 दिसंबर तक किया जाएगा। छात्रों के ऑनलाइन आवेदन 25 नवंबर से 6 दिसंबर तक स्वीकार होंगे और हार्डकॉपी 9 दिसंबर तक संस्थान में जमा करनी होगी। विद्यालयों को आवेदन सत्यापन 13 दिसंबर तक पूर्ण करना हैए वहीं डीआईओएस द्वारा अंतिम सत्यापन 15 से 20 दिसंबर के बीच किया जाएगा।

# अपना दल एस ने संविधान के आदर्शों को दोहराया, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे



कार्यक्रम में मौजूद अपना दल कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** संविधान दिवस के अवसर पर अपना दल एस ने जिला अध्यक्ष हेमराज पटेल के नेतृत्व में हमारा संविधानए हमारा स्वाभिमान विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के संविधान को अपनाए जाने की इस ऐतिहासिक तारीख को चिह्नित करने हेतु बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि केशव पटेलए प्रदेश महासचिव पंचायत मंचए द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना सामूहिक रूप से पढ़ी गई और उपस्थित जनों ने संवैधानिक आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली। विभिन्न वक्ताओं ने संविधान की मूल भावनाए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तृत विचार रखे। अपना दल एस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जब्बर सिंह पटेल और छात्र संघ जिलाध्यक्ष राजाभैया सिंह चंदेल ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की वह नींव हैए जिसने देश की विविधता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामसिया पटेल, फूल सिंह, जिला उपाध्यक्ष विष्णु पटेल, जिला महासचिव रावेन्द्र सिंह, शशिकांत सिंह, पूजा मौर्या, संजय खंगार सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक संविधान दिवस मनाया और इसके आदर्शों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# करारा जवाब मिलेगा, पाकिस्तान पर हमला करेगा तालिबान



**अफगानिस्तान**
**अफगानिस्तान** की तालिबान सरकार ने अपने क्षेत्र में पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे अपनी संप्रभुता पर हमला बताया है। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पक्तिका, खोस्त और कुनार प्रांतों में पाकिस्तान द्वारा किया गया हमला इस्लामाबाद के 'सैन्य शासन' की विफलता को दशार्ता है और अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र और नागरिकों की रक्षा करना अफगानिस्तान का वैध अधिकार है। पाकिस्तानी सेना द्वारा अफगानिस्तान की सीमा पर एक और अतिक्रमण का जवाब। अफगानिस्तान के पक्तिका, खोस्त और कुनार प्रांतों में पाकिस्तानी सेना द्वारा कल रात किए गए हवाई हमले अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला हैं और पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानदंडों और सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन हैं। पाकिस्तानी सेना की इन शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों से कुछ हासिल नहीं होता; ये केवल यह साबित करती हैं कि दोषपूर्ण खुफिया जानकारी से प्रेरित अभियान तनाव को बढ़ाते हैं और पाकिस्तान के सैन्य शासन की निरंतर विफलताओं को उजागर करते हैं। हमले की निंदा करते हुए, मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान उचित समय पर उचित जवाब देगा। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात इस उल्लंघन और आक्रामकता की कड़ी निंदा करता है और इस बात पर जोर देता है कि अपने हवाई क्षेत्र, भूभाग और नागरिकों की रक्षा करना उसका वैध अधिकार है। उचित समय पर आवश्यक जवाब दिया जाएगा।

अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर कई पूर्वी प्रांतों में रात भर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इन हमलों में दस नागरिक मारे गए। तालिबान प्रशासन के अनुसार, पीड़ितों में नौ बच्चे और एक महिला शामिल हैं।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि खोस्त प्रांत में एक परिवार के घर पर हमला किया गया, जिससे बच्चों और उनकी माँ की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि कुनार और पक्तिका प्रांतों में भी विस्फोट हुए, जहाँ कम से कम चार अन्य नागरिक घायल हुए। इस्लामाबाद ने आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

# दिल्ली ब्लास्ट की वजह से नेतन्याहू ने रद्द किया भारत दौरा? सामने आई क्या बड़ी वजह




**इजराइल**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच इस साल दिल्ली में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक की संभावना कम है, क्योंकि इजराइली प्रधानमंत्री ने कथित तौर पर अपनी भारत यात्रा स्थगित कर दी है। शुरूआत में रिपोर्टों में कहा गया था कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा चिंताओं के कारण यह यात्रा स्थगित कर दी गई थी। हालाँकि, सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत है। सूत्रों ने कहा, दिल्ली विस्फोट से संबंध जोड़ना गैर-ज़िम्मेदाराना है। हम ऐसी भ्रामक खबरों से सावधान रहने का आग्रह करते हैं। नेतन्याहू अगले महीने प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वाले थे, जो सात साल में उनकी पहली भारत यात्रा होती। अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के बाद अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को सीमित करने वाले इजराइली प्रधानमंत्री ने आखिरी बार 2018 में भारत का दौरा किया था। इजराइली समाचार पत्र ⁄ 24ठएहर की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपनी यात्रा स्थगित कर दी थी। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे और यह राष्ट्रीय राजधानी में एक दशक से भी ज्यादा समय में हुए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक था। यह हमला उस समय हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों ने जैश-ए-मोहम्मद समर्थित एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था।

# आप व्यापार करो, सुरक्षा हम देख लेंगे, पाकिस्तान के सबसे बड़े दुश्मन का भारत को खुला ऑफर

**अफगानिस्तान**
**अफगानिस्तान** लगातार भारत से अपने संबंधों को मजबूत करने में लगा है। भारत आए अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अल्हाहाद नूरुद्दीन अजी ने तो भारत से कई क्षेत्रों में निवेश की मांग तक कर दी। इसी कड़ी में अलहाज नूरुद्दीन ने यह भी कहा कि उनकी सरकार गोल्ड माइन सोने के खनन सहित नए क्षेत्रों में निवेश करने वाली कंपनियों को 5 साल की टैक्स छूट देने के लिए तैयार। एसओएचएम द्वारा आयोजित एक इंटरेक्टिव सत्र में बोलते हुए अजी ने यह कहा कि पाकिस्तान के साथ तनाव व्यापार में दिक्कतें पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां यदि निवेश हेतु मशीनरी आयात करती हैं तो उन पर केवल 1% शुल्क लगेगा। अफगान मंत्री अजी ने निवेश का आमंत्रण देते हुए कहा कि अफगानिस्तान में जबरदस्त क्षमता मौजूद। आपको वहां बहुत सारे प्रतियोगी भी नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि निवेश करने वाली कंपनियों को टेरिफ समर्थन दिया जाएगा।

# अमेरिका –रूस का तेजस पर होश उड़ाने वाला बयान, भारत हैरान



**अमेरिका**
**दुबई** एयर शो के दौरान तेजस विमान क्रैश के बाद जिस तरह से पाकिस्तान के लोगों ने शहीद पायलट और तेजस विमान का मजाक उड़ाया उसे देखकर एक बार तो इंसानियत से ही विश्वास उठ गया था। लेकिन अब दुनिया की दो सबसे बड़ी महाशक्तियों ने तेजस विमान उड़ा रहे विंग कमांडर नमांश सियाल के लिए जो किया है उसने भारत को तो भावुक कर ही दिया है लेकिन इंसानियत को भी जीवित रख दिया है। भारत के लिए रूस और अमेरिका पहली बार साथ आ गए जो अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं है। दुबई एयर शो में हिस्सा लेने गई रूस की एरोबैटिक्स टीम ने तेजस विमान उड़ा रहे विंग कमांडर नमांश सयाल को अपने ही लड़ाकू विमानों से श्रद्धांजलि दे दी। रूस की मशहूर रशियन नाइट्स एरोबैटिक्स टीम ने विंग कमांडर नमांश सयाल के लिए एक मिसिंग मैन मैन्यूवर किया।

रूस ने मिसिंग मैन मैन्यूवर का एक वीडियो भी शेयर किया। इस फॉरमेशन में एक लड़ाकू विमान दूसरे लड़ाकू विमानों से दूर जाता दिखता है। यह दिखाता है कि एक पायलट्स अपने साथी पायलट्स को छोड़कर हमेशा के लिए चला गया है। रूसी टीम ने एक पोस्ट भी लिखा जिसमें कहा गया कि यह फॉर्मेशन उस भाई के लिए है जो अपनी आखिरी उड़ान से वापस नहीं लौट पाया।

दुबई एयर शो में हिस्सा लेने पहुंचे एक अमेरिकी पायलट ने ऐलान कर दिया कि वह विंग कमांडर नमांश सयाल की याद में आखिरी दिन इस शो में अब हिस्सा ही नहीं लेगा। अमेरिकी एयरफोर्स पायलट टेलर हियस्टर ने दुबई शो में तेजस क्रैश और भारतीय पायलट की मौत के बाद कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद इस शो को जारी रखा गया। इसने मुझे चौंका भी दिया और परेशान भी कर दिया। यह शायद मानवता और संवेदना के लिहाज से ठीक नहीं था।

तेजस विमान क्रैश और विंग कमांडर निमांश सियाल की मौत के बाद पाकिस्तान के पत्रकारों ने जो मजाक उड़ाया उसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। दुबई में मौजूद पाकिस्तान के पत्रकारों ने कहा कि अल्लाह ने भारत के तेजस विमान को गिरा दिया है।

इतना बोलने के बाद यह पाकिस्तानी पत्रकार जोर-जोर से हंसने लगे। कई पाकिस्तानियों ने विंग कमांडर नमांश सयाल की मौत पर हंसने वाले इमोजीस बनाकर भेजने शुरू कर दिए।

# हमने कोई कोई उत्पीड़न नहीं किया...भारतीय महिला पर भारत का रुख देख चीन देने लगा सफाई




**चीन**
**चीन** ने उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि शंघाई हवाई अड्डे पर एक ट्रांजिट स्टॉप के दौरान अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। चीनी विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि आव्रजन जाँच चीनी कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से की गई। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने उस क्षेत्र पर चीन के दावे को दोहराया जिसे भारत अरुणाचल प्रदेश कहता है। जांगनान चीन का क्षेत्र है। चीनी पक्ष ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित 'अरुणाचल प्रदेश' को कभी मान्यता नहीं दी है।

कोई हिरासत या उत्पीड़न नहीं हुआ माओ निंग ने आव्रजन अधिकारियों की कार्रवाई का बचाव किया और कहा कि महिला के अधिकारों का हर समय सम्मान किया गया। आपने जिस व्यक्तिगत मामले का उल्लेख किया है, उसके अनुसार, हमें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार, पूरे समय के दौरान, चीन के सीमा निरीक्षण अधिकारियों ने कानूनों और नियमों के अनुसार जाँच प्रक्रियाएँ अपनाईं, कानून प्रवर्तन निष्पक्ष और गैर-अपमानजनक रहा, संबंधित व्यक्ति के वैध अधिकारों और हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई, उस पर कोई अनिवार्य कार्रवाई नहीं की गई।

# रूस की मांग...पीस प्लान पर जेलेंस्की का ये कमेंट पुतिन को अच्छा नहीं लगेगा



**अमेरिका**
**रूस**–यूक्रेन जंग में जिनेवा में हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि हमारा ध्यान मुख्य रूप से रूस की मांगों पर केंद्रित है। मुख्य समस्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन का हमारी जमीन पर दावा है, जो यूक्रेन के पूर्वी इलाकों डोनबास पर कानूनी अधिकार चाहते हैं। यह क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर संकेत दिए कि कुछ अच्छा हो सकता है, लेकिन उन्होंने कहा, जब तक आप इसे होते न देखें, तब तक भरोसा न करें। अमेरिका और यूक्रेन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की दिशा में प्रगति हो रही है। हालांकि उन्होंने इस बारे में बहुत कम जानकारी शेयर की। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जिनेवा में हुई बातचीत को बहुत उपयोगी बताया और कहा कि लंबे समय बाद यह सबसे सकारात्मक बातचीत थी। उन्होंने कहा कि चर्चा आगे भी जारी रहेगी और अंतिम प्रस्ताव रूस के सामने रखा जाएगा क्योंकि रूस की भी इसमें भूमिका होगी।

अमेरिका और यूक्रेन के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की दिशा में प्रगति हो रही है। हालांकि उन्होंने इस बारे में बहुत कम जानकारी साझा की। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जिनेवा में हुई वार्ता को ह्यबहुत उपयोगीह्न बताया और कहा कि लंबे समय बादह्न यह सबसे सकारात्मक बातचीत थी। रुबियो ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम कुछ कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चर्चा आगे भी जारी रहेगी और अंतिम प्रस्ताव रूस के सामने रखा जाएगा क्योंकि रूस की भी इसमें भूमिका होगी।

# पीस प्लान की डेट करीब आई पुतिन ने कब्जे की रफ्तार बढ़ाई



**यूक्रेन**
**एक** तरफ ट्रंप जेलस्की को समझौते के लिए राजी करने में जुटे हैं तो दूसरी तरफ पुतिन लगातार हमले से दबाव बना रहे हैं। रूस जेलस्की को डराने के लिए लगातार हमले करवा रहे हैं और नए इलाकों पर सेना कब्जा कर रही है। रूस ने तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव में आवासीय भवनों और ऊर्जा ढांचों को निशाना बनाते हुए सिलसिलेवार हमले किये। मेयर विटाली किल्श्को ने बताया कि मध्य पेचेर्स्क जिले में एक आवासीय इमारत और कीव के पूर्वी जिले दि्नप्रोव्स्की में एक अन्य आवासीय इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ह्यटेलीग्रामह्न पर पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज में दि्नप्रोव्स्की की नौ मंजिला इमारत की कई मंजिलों में भीषण आग लगती हुई दिखाई दे रही है। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तिमोर तकाचेंको ने बताया कि कम से कम चार लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि ऊर्जा अवसंरचना को नुकसान पहुंचा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि नुकसान किस प्रकार का है और कितना है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रूसी वायु रक्षा बलों ने क्रीमिया सहित विभिन्न रूसी क्षेत्रों के ऊपर रात भर में 249 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इनमें से ज्यादातर ड्रोन (116)काला सागर के ऊपर मार गिराए गए। ये हमले रविवार को जिनेवा में अमेरिका और यूक्रेनी प्रतिनिधियों के बीच अमेरिका-रूस की मध्यस्थता वाली शांति योजना पर हुई बातचीत के बाद हुए। यूक्रेनी पक्ष के एक प्रतिनिधि ओलेक्सांद्र बेव्ज ने ह्यएसोसिएटेड प्रेसह्न को बताया कि बातचीत ह्यकाफी रचनात्मकह्न रही और दोनों पक्ष ज्यादातर बिंदुओं पर चर्चा करने में सफल रहे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को कहा कि उन्होंने नई योजना नहीं देखी है। रूस की कोशिश है कि जंस्की में हार का डर बढ़े और दबाव में वो डोनबास रूस को देने वाले फामूर्ले पर सहमत हो जाए। शांति वार्ता की तेज रफ्तार के बीच भी जारी है रूस से प्रहार। जेलस्की ट्रंप की हर बात मान ले। ट्रंप पुतिन का प्लान कामयाब हो इसलिए यूक्रेन को बारूद से जलाने का सिलसिला तेज कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन पर अगले कुछ दिनों तक बड़े हमले का प्लान है। रूस यूक्रेन में हार का भय बढ़ाने की कोशिश में है।

रूसी मीडिया शांति वार्ता के बीच मॉस्को तक हमले पर सवाल उठा रहे हैं। रूसी मीडिया का दावा है कि जेलस्की यूरोप के इशारे पर सीज फायर नहीं करेंगे। क्रीमिया पर लगातार हमले को भी लेकर सवाल उठाए गए। खारकीव में पहले से ही बिजली संकट है।

# ऊपर बुर्का, नीचे हाफ पैंट, संसद में अचानक हुआ ऐसा कि फिर...मचा हंगामा

**ऑस्ट्रेलिया**
**ऑस्ट्रेलिया** की कट्टर दक्षिणपंथी सेनेटर पॉलिन हसन ने संसद के ऊपरी सदन में ऐसा माहौल बना दिया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। वो अचानक काले बुर्के में लिपटी हुई सीनेट में दाखिल हुई और जैसे ही लोग समझने लगे कि अंदर कौन आया है। पूरा सदन शोर और गुस्से से भर गया। हसन लंबे वक्त से सार्वजनिक जगहों पर पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़ों खासकर बुर्के पर पाबंदी की मांग कर रही है। लेकिन जब उन्हें इस मुद्दे पर बिल पेश करने की अनुमति नहीं मिली तो उन्होंने विरोध का यह तरीका अपनाया। उनके आते ही सदन की कारवाई रुक गई।

कई सांसदों ने उनके बुर्का हटाने को कहा लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया। धीरे-धीरे आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। न्यू साउथ वेल्स की सीनेटर मेहरीन फारूकी ने सीधा आरोप लगाया कि यह हरकत नस्लवाद को बढ़ावा देती है और एक जिम्मेदार प्रतिनिधि को ऐसी हरकत नहीं करनी चाहिए। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की स्वतंत्र सांसद फातिमा पाइमन ने भी इसे बेहद अपमानजनक और शर्मनाक बताया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# 6 दिसंबर को अब भारत क्या बड़ा करने वाला है? 1400 KM एरिया में NOTAM जारी, टेंशन में चीन-पाक



**पाकिस्तान**
**भारत** ने संभावित मिसाइल परीक्षण के मद्देनजर 6-8 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 किलोमीटर के क्षेत्र में नो-फ्लाई जोन नोटिस जारी किया है। ठडळअट या हवाई मिशनों के लिए नोटिस, पायलटों, एयरलाइनों और हवाई यातायात नियंत्रकों को जारी किया जाने वाला एक आधिकारिक अलर्ट है, जब भी कोई महत्वपूर्ण जानकारी होती है जो किसी उड़ान की सुरक्षा या योजना को प्रभावित कर सकती है। इन नोटिसों का उपयोग अस्थायी परिवर्तनों या खतरों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाता है। इनमें रनवे बंद होना, हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध, उपकरणों में रुकावट, ज्वालामुखी राख की चेतावनी या कोई अन्य घटनाक्रम शामिल हो सकता है जिसके बारे में पायलटों को उड़ान भरने से पहले पता होना चाहिए। नोटम का मतलब नोटिस टू एयरमैन या नोटिस टू एयर मिशनंस। एक सूचना होती है जो विमानन प्राधिकरण द्वारा जारी की जाती है ताकि पायलटों और उड़ान संचालन से जुड़े कर्मियों को किसी भी वैमानिक सुविधा सेवा प्रक्रिया या खतरे के बारे में जानकारी दी जा सके। इसका उद्देश्य उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नोटम में कुछ यह जानकारियां शामिल हो सकती है। जैसे हवाई अड्डे की स्थिति जैसे रनवे बंद होना, लाइटिंग में खराबी, हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध जैसे सैन्य अभ्यास या फिर रॉकेट लॉन्च, मौसम की चेतावनी, ज्वालामुखी राख या फिर पक्षियों की मौजूदगी।

लगातार भारत के नोटम से खौफ में पाकिस्तान

इससे पहले एक्स त्रिशूल नाम के इस युद्ध अभ्यास में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना का जॉइंट ऑपरेशन किया था। इसके जरिए भारत की बढ़ती संयुक्त युद्ध क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन को दिखाया जाएगा। 11 से 12 दिनों तक इतने बड़े इलाके में भारत की तीनों सेनाओं के युद्ध अभ्यास से पाकिस्तान भी इतना डर गया कि उसने भी 2 दिन के लिए नोटम जारी कर दिया। पाकिस्तान को डर था कि कहीं गलती से उसके एयरक्राफ्ट्स या विमान इस इलाके में ना पहुंच जाएं। इससे पहले भारत ने बंगाल की खाड़ी में 15 से 17 अक्टूबर 2025 के बीच मिसाइल परीक्षण करने के लिए नोटम जारी किया था। इस दौरान लगभग 1,480 किलोमीटर लंबा इलाका नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया था।